राजस्थान भारती प्रकाशन

जिनराजसूरि-कृति-कुसुमांजलि

सम्पादक

अगरचन्द नाहटा

सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीटयूट

बीकानेर

प्रथमावृत्ति १०००] बि० सं०-२०१७ [मूल्य ४)

प्रकाशक:—
सादूल राजस्थानी रिसर्च इन्स्टीटयूट
बीकानेर

प्रथम संस्करण : १००० प्रतियाँ
मूल्य—४ रु०

मुद्रक:—
महावीर मुद्रणालय,
अलीगंज (एटा)

सुविहित चारित्र-चूड़ामणि, प्राचीन ग्रन्थोद्धारक
स्वाध्याय रत आत्मार्थी गणिवर्य

श्री बुद्धिमुनिजी महाराज

के कर कमलों में श्रद्धा व
भक्ति पूर्वक सादर

समर्पित

—अगरचंद नाहटा

प्रकाशकीय

* सादूल राजस्थानी रिसर्च-इन्स्टीट्यूट बीकानेर की स्थापना सन् १९४४ में बीकानेर राज्य के तत्कालीन प्रधान मन्त्री श्री के० एम० पणिक्कर महोदय की प्रेरणा से, साहित्यानुरागी बीकानेर-नरेश स्वर्गीय महाराजा श्री सादूलसिंहजी बहादुर द्वारा संस्कृत, हिन्दी एवं विशेषतः राजस्थानी साहित्य की सेवा तथा राजस्थानी भाषा के सर्वाङ्गीण विकास के लिये की गई थी।

भारतवर्ष के सुप्रसिद्ध विद्वानों एवं भाषाशास्त्रियों का सहयोग प्राप्त करने का सौभाग्य हमें प्रारम्भ से ही मिलता रहा है।

संस्था द्वारा विगत १६ वर्षों से बीकानेर में विभिन्न साहित्यिक प्रवृत्तियां चलाई जा रही हैं, जिनमें से निम्न प्रमुख है—

१. विशाल राजस्थानी-हिन्दी शब्दकोश

इस सम्बन्ध में विभिन्न स्रोतों से संस्था लगभग दो लाख से अधिक शब्दों का संकलन कर चुकी है। इसका सम्पादन आधुनिक कोशों के ढंग पर, लंबे समय से प्रारम्भ कर दिया गया है और अब तक लगभग तीस हजार शब्द सम्पादित हो चुके हैं। कोश में शब्द, व्याकरण, व्युत्पत्ति, उसके अर्थ और उदाहरण आदि अनेक महत्वपूर्ण सूचनाएं दी गई हैं। यह एक अत्यन्त विशाल योजना है, जिसकी सन्तोषजनक क्रियान्विति के लिये प्रचुर द्रव्य और श्रम की आवश्यकता है। आशा है राजस्थान सरकार की ओर से, प्रार्थित द्रव्य-साहाय्य उपलब्ध होते ही निकट भविष्य में इसका प्रकाशन प्रारम्भ करना सम्भव हो सकेगा।

२. विशाल राजस्थानी मुहावरा कोश

राजस्थानी भाषा अपने विशाल शब्द भंडार के साथ मुहावरों से भी समृद्ध है। अनुमानतः पचास हजार से भी अधिक मुहावरे दैनिक प्रयोग में लाये जाते हैं। हमने लगभग [illegible] हजार मुहावरों का, हिन्दी में अर्थ और राजस्थानी में उदाहरणों सहित प्रयोग [illegible] सम्पादन करवा लिया है और शीघ्र ही इसे प्रकाशित करने का प्रबन्ध किया जा रहा है। यह भी प्रचुर द्रव्य और श्रम-साध्य कार्य है।

यदि हम यह विशाल संग्रह साहित्य-जगत को दे सके तो यह संस्था के लिये ही नहीं किन्तु राजस्थानी और हिन्दी जगत के लिये भी एक गौरव की बात होगी ।

३. आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का प्रकाशन

इसके अंतर्गत निम्नलिखित पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं:—

१. कळायण, ऋतु काव्य । ले० श्री नानूराम संस्कर्ता ।

२. आभै पटकी, प्रथम सामाजिक उपन्यास । ले० श्री श्रीलाल जोशी ।

३. वरस गांठ, मौलिक कहानी संग्रह । ले० श्री मुरलीधर व्यास ।

'राजस्थान-भारती' में भी आधुनिक राजस्थानी रचनाओं का एक अलग स्तम्भ है, जिसमें भी राजस्थानी कवितायें, कहानियां और रेखाचित्र आदि छपते रहते हैं ।

४. 'राजस्थान-भारती' का प्रकाशन

इस विख्यात शोधपत्रिका का प्रकाशन संस्था के लिये गौरव की वस्तु है । गत १४ वर्षों से प्रकाशित इस पत्रिका की विद्वानों ने मुक्त कंठ से प्रशंसा की है । बहुत चाहते हुए भी द्रव्याभाव, प्रेस की एवं अन्य कठिनाइयों के कारण, त्रैमासिक रूप से इसका प्रकाशन संभव नहीं हो सका है । इसका भाग ५ अंक ३-४ 'डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी विशेषांक' बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी सामग्री से परिपूर्ण है। यह अंक एक विदेशी विद्वान की राजस्थानी साहित्य सेवा का एक बहुमूल्य सचित्र कोश है । पत्रिका का अगला ७वां भाग शीघ्र ही प्रकाशित होने जा रहा है । इसका अंक १-२ राजस्थानी के सर्वश्रेष्ठ महाकवि पृथ्वीराज राठोड का सचित्र और वृहत् विशेषांक है । अपने ढंग का यह एक ही प्रयत्न है ।

पत्रिका की उपयोगिता और महत्व के संबंध में इतना ही कहना पर्याप्त होगा कि इसके परिवर्तन में भारत एवं विदेशों से लगभग ८० पत्र-पत्रिकाएं हमें प्राप्त होती हैं । भारत के अतिरिक्त पाश्चात्य देशों में भी इसकी मांग है व इसके ग्राहक हैं । शोधकर्त्ताओं के लिये 'राजस्थान-भारती' अनिवार्यतः संग्रहणीय शोध-पत्रिका है । इसमें राजस्थानी भाषा, साहित्य, पुरातत्व, इतिहास, कला आदि पर लेखों के अतिरिक्त संस्था के तीन विशिष्ट सदस्य डा० दशरथ शर्मा, श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री अगरचंद नाहटा की वृहत् लेख सूची भी प्रकाशित की गई है ।

५. राजस्थानी साहित्य के प्राचीन और महत्त्वपूर्ण ग्रन्थों का अनुसंधान, सम्पादन एवं प्रकाशन

हमारी साहित्य-निधि को प्राचीन, महत्वपूर्ण और श्रेष्ठ साहित्यिक कृतियों को सुरक्षित रखने एवं सर्वसुलभ कराने के लिये सुसम्पादित एवं शुद्ध रूप मे मुद्रित करवा कर उचित मूल्य मे वितरित करने की हमारी एक विशाल योजना है। संस्कृत, हिंदी और राजस्थानी के महत्वपूर्ण ग्रंथो का अनुसधान और प्रकाशन संस्था के सदस्यों की ओर से निरतर होता रहा है, जिसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जा रहा है—

६. पृथ्वीराज रासो

पृथ्वीराज रासो के कई संस्करण प्रकाश मे लाये गये हैं और उनमे से लघुतम सस्करण का सम्पादन करवा कर उसका कुछ अंश 'राजस्थान-भारती' में प्रकाशित किया गया है। रासो के विविध संस्करण और उसके ऐतिहासिक महत्व पर कई लेख राजस्थान-भारती मे प्रकाशित हुए हैं।

७. राजस्थान के अज्ञात कवि जान (न्यामतखा) की ७५ रचनाओं की खोज की गई। जिसकी सर्वप्रथम जानकारी 'राजस्थान-भारती' के प्रथम अक मे प्रकाशित हुई है। उनका महत्वपूर्ण ऐतिहासिक 'काव्य क्यामरासा' तो प्रकाशित भी करवाया जा चुका है।

८. राजस्थान के जैन सस्कृत साहित्य का परिचय नामक एक निबंध राजस्थान-भारती मे प्रकाशित किया जा चुका है।

९. मारवाड क्षेत्र के ५०० लोकगीतो का संग्रह किया जा चुका है। बीकानेर एवं जैसलमेर क्षेत्र के सैकडो लोकगीत, घूमर के लोकगीत, बाल लोकगीत, लोरियाँ, और लगभग ७०० लोक कथाएँ संग्रहीत की गई हैं। राजस्थानी कहावतो के दो भाग प्रकाशित किये जा चुके हैं। जीणमाता के गीत, पाबूजी के पवाड़े और राजा भरथरी आदि लोक काव्य सर्वप्रथम 'राजस्थान-भारती' मे प्रकाशित किए गए है।

१०. बीकानेर राज्य के और जैसलमेर के अप्रकाशित अभिलेखो का विशाल सग्रह 'बीकानेर जैन लेख नामक वृहत् पुस्तक के रूप मे प्रकाशित हो चुका है।

११. जसवंत उद्योत, मुंहता नैणसी री ख्यात और अनोखी आन जैसे महत्वपूर्ण ऐतिहासिक ग्रंथों का सम्पादन एवं प्रकाशन हो चुका है।

१२. जोधपुर के महाराजा मानसिंहजी के सचिव कविवर उदयचन्द भंडारी की ४० रचनाओं का अनुसन्धान किया गया है और महाराजा मानसिंहजी की काव्य-साधना के सम्बन्ध में भी सबसे प्रथम 'राजस्थान भारती' मे लेख प्रकाशित हुआ है।

१३. जैसलमेर के अप्रकाशित १०० शिलालेखों और 'भट्टि वंश प्रशस्ति' आदि अनेक अप्राप्य और अप्रकाशित ग्रंथ खोज-यात्रा करके प्राप्त किये गये हैं।

१४. बीकानेर के मस्तयोगी कवि ज्ञानसारजी के ग्रंथों का अनुसन्धान किया गया और ज्ञानसागर ग्रंथावली के नाम से एक ग्रंथ भी प्रकाशित हो चुका है। इसी प्रकार राजस्थान के महान विद्वान महोपाध्याय समयसुन्दर की ५६३ लघु रचनाओं का संग्रह प्रकाशित किया गया है।

१५. इसके अतिरिक्त संस्था द्वारा—

(१) डा० लुइजि पिओ तैस्सितोरी, समयसुन्दर, पृथ्वीराज और लोकमान्य तिलक आदि साहित्य-सेवियों के निर्वाण-दिवस और जयन्तियां मनाई जाती हैं।

(२) साप्ताहिक साहित्य गोष्ठियों का आयोजन बहुत समय से किया जा रहा है, इसमें अनेकों महत्वपूर्ण निबंध, लेख, कविताएं और कहानियां आदि पढ़ी जाती हैं, जिससे अनेक विध नवीन साहित्य का निर्माण होता रहता है। विचार विमर्श के लिये गोष्ठियों तथा भाषणमालाओं आदि के भी समय-समय पर आयोजन किये जाते रहे हैं।

१६. बाहर से ख्याति प्राप्त विद्वानों को बुलाकर उनके भाषण करवाने का आयोजन भी किया जाता है। डा० वासुदेवशरण अग्रवाल, डा० कैलाशनाथ काटजू, राय श्रीकृष्णदास, डा० जी० रामचन्द्रम्, डा० सत्यप्रकाश, डा० डब्लू० एलेन, डा० सुनीतिकुमार चाटुर्ज्या, डा० तिबेरिओ-तिबेरी आदि अनेक अन्तर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विद्वानों के इस कार्यक्रम के अन्तर्गत भाषण हो चुके हैं।

गत दो वर्षों से महाकवि पृथ्वीराज राठौड़ आसन की स्थापना की गई है। दोनों वर्षों के आसन-अधिवेशनों के अभिभाषक क्रमशः राजस्थानी भाषा के प्रकाण्ड

विद्वान् श्री मनोहर शर्मा एम० ए०, बिसाऊ और पं० श्रीलालजी मिश्र एम० ए०, हूडलोद थे ।

इस प्रकार संस्था अपने १६ वर्षों के जीवनकाल मे, सस्कृत, हिन्दी और राजस्थानी साहित्य की निरंतर सेवा करती रही है । आर्थिक संकट से ग्रस्त इस संस्था के लिये यह सम्भव नही हो सका कि यह अपने कार्यक्रम को नियमित रूप से पूरा कर सकती, फिर भी यदा कदा लडखड़ा कर गिरते पड़ते इसके कार्यकर्त्ताओं ने 'राजस्थान-भारती' का सम्पादन एवं प्रकाशन जारी रखा और यह प्रयास किया कि नाना प्रकार की बाधाओ के बावजूद भी साहित्य सेवा का कार्य निरंतर चलता रहे । यह ठीक है कि संस्था के पास अपना निजी भवन नही है, न अच्छा सदर्भ पुस्तकालय है, और न कार्यालय को सुचारु रूप से सम्पादित करने के समुचित साधन ही हैं; परन्तु साधनो के अभाव मे भी संस्था के कार्यकर्त्ताओ ने साहित्य की जो मौन और एकान्त साधना की है वह प्रकाश में आने पर संस्था के गौरव को निश्चित ही बढा सकने वाली होगी ।

राजस्थानी-साहित्य-भंडार अत्यन्त विशाल है । अब तक इसका अत्यल्प अंश ही प्रकाश में आया है । प्राचीन भारतीय वाड्मय के अलभ्य एवं अनर्घ रत्नों को प्रकाशित करके विद्वज्जनो और साहित्यिको के समक्ष प्रस्तुत करना एवं उन्हे सुगमता से प्राप्त करना संस्था का लक्ष्य रहा है । हम अपनी इस लक्ष्य पूर्ति की ओर धीरे-धीरे किन्तु दृढता के साथ अग्रसर हो रहे हैं ।

यद्यपि अब तक पत्रिका तथा कतिपय पुस्तको के अतिरिक्त अन्वेषण द्वारा प्राप्त अन्य महत्वपूर्ण सामग्री का प्रकाशन करा देना भी अभीष्ट था, परन्तु अर्थाभाव के कारण ऐसा किया जाना सम्भव नही हो सका । हर्ष की बात है कि भारत सरकार के वैज्ञानिक संशोध एवं सास्कृतिक कार्यक्रम मन्त्रालय (Ministry of scientific Research and Cultural Affairs) ने अपनी आधुनिक भारतीय भाषाओं के विकास की योजना के अंतर्गत हमारे कार्यक्रम को स्वीकृत कर प्रकाशन के लिये १५०००) रु० इस मद मे राजस्थान सरकार को दिये तथा राजस्थान सरकार द्वारा उतनी ही राशि अपनी ओर से मिलाकर कुल ३००००) तीस हजार की सहायता, राजस्थानी साहित्य के सम्पादन-प्रकाशना

हेतु इस संस्था को इस वित्तीय वर्ष में प्रदान की गई है; जिससे इस वर्ष निम्नोक्त ३१ पुस्तकों का प्रकाशन किया जा रहा है।

१. राजस्थानी व्याकरण—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२. राजस्थानी गद्य का विकास (शोध प्रबंध)	डा० शिवस्वरूप शर्मा अचल
३. अचलदास खीची री वचनिका—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
४. हमीरायण—	श्री भंवरलाल नाहटा
५. पद्मिनी चरित्र चौपई—	,, ,, ,,
६. दलपत विलास—	श्री रावत सारस्वत
७. डिंगल गीत—	,, ,, ,,
८. पवार वंश दर्पण—	डा० दशरथ शर्मा
९. पृथ्वीराज राठोड ग्रंथावली—	श्री नरोत्तमदास स्वामी और श्री बदरीप्रसाद साकरिया
१०. हरिरस—	श्री बदरीप्रसाद साकरिया
११. पीरदान लालस ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१२. महादेव पार्वती वेलि—	श्री रावत सारस्वत
१३. सीताराम चौपई—	श्री अगरचंद नाहटा
१४. जैन रासादि संग्रह—	श्री अगरचंद नाहटा और डा० हरिवल्लभ भायाणी
१५. सदयवत्स वीर प्रबंध—	प्रो० मंजुलाल मजूमदार
१६. जिनराजसूरि कृतिकुसुमांजलि—	श्री भंवरलाल नाहटा
१७. विनयचंद कृतिकुसुमांजलि—	,, ,, ,,
१८. कविवर धर्मवर्द्धन ग्रंथावली—	श्री अगरचंद नाहटा
१९. राजस्थान रा दूहा—	श्री नरोत्तमदास स्वामी
२०. वीर रस रा दूहा—	,, ,, ,,
२१. राजस्थान के नीति दोहे—	श्री मोहनलाल पुरोहित
२२. राजस्थानी व्रत कथाएँ—	,, ,, ,,
२३. राजस्थानी प्रेम कथाएँ—	,, ,, ,,
२४. चंदायन—	श्री रावत सारस्वत

२५. भड्डुली—	श्री अगरचंद नहाटा और म. विनय सागर
२६. जिनहर्ष ग्रंथावली	श्री अगरचंद नाहटा
२७. राजस्थानी हस्त लिखित ग्रंथो का विवरण	,, ,,
२८. दम्पति विनोद	,, ,,
२९. हीयाली–राजस्थान का बुद्धिवर्धक साहित्य	,, ,,
३०. समयसुन्दर रासत्रय	श्री भंवरलाल नाहटा
३१. दुरसा आढा ग्रंथावली	श्री बदरीप्रसाद साकरिया

जैसलमेर ऐतिहासिक साधन संग्रह (संपा० डा० दशरथ शर्मा), ईशरदास ग्रथावली (संपा० बदरीप्रसाद साकरिया), रामरासो (प्रो० गोवर्द्धन शर्मा), राजस्थानी जैन साहित्य (ले० श्री अगरचंद नाहटा), नागदमण (सपा० बदरीप्रसाद साकरिया) मुहावरा कोश (मुरलीधर व्यास) आदि ग्रंथो का संपादन हो चुका है परन्तु अर्थाभाव के कारण इनका प्रकाशन इस वर्ष नही हो रहा है।

हम आशा करते हैं कि कार्य की महत्ता एवं गुरुता को लक्ष्य मे रखते हुए अगले वर्ष इससे भी अधिक सहायता हमे अवश्य प्राप्त हो सकेगी जिससे उपरोक्त सपादित तथा अन्य महत्वपूर्ण ग्रंथो का प्रकाशन संभव हो सकेगा।

इस सहायता के लिये हम भारत सरकार के शिक्षा विकास सचिवालय के आभारी हैं, जिन्होने कृपा करके हमारी योजना को स्वीकृत किया और ग्रान्ट-इन-एड की रकम मजूर की।

राजस्थान के मुख्य मंत्री माननीय मोहनलालजी सुखाडिया, जो सौभाग्य से शिक्षा मत्री भी है और जो साहित्य की प्रगति एवं पुनरुद्धार के लिये पूर्ण सचेष्ट हैं, का भी इस सहायता के प्राप्त कराने मे पूरा-पूरा योगदान रहा है। अतः हम उनके प्रति अपनी कृतज्ञता सादर प्रगट करते हैं।

राजस्थान के प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षाध्यक्ष महोदय श्री जगन्नाथसिंहजी मेहता का भी हम आभार प्रगट करते है, जिन्होने अपनी ओर से पूरी-पूरी दिलचस्पी लेकर हमारा उत्साहवर्द्धन किया, जिससे हम इस वृहद् कार्य को सम्पन्न करने मे समर्थ हो सके। संस्था उनकी सदैव ऋणी रहेगी।

इतने थोडे समय में इतने महत्वपूर्ण ग्रन्थो का संपादन करके संस्था के प्रकाशन-कार्य मे जो सराहनीय सहयोग दिया है, इसके लिये हम सभी ग्रन्थ सम्पादको व लेखको के अत्यन्त आभारी हैं।

अनूप संस्कृत लाइब्रेरी और अभय जैन ग्रन्थालय बीकानेर, स्व० पूर्णचन्द्र नाहर संग्रहालय कलकत्ता, जैन भवन संग्रह कलकत्ता, महावीर तीर्थक्षेत्र अनुसधान समिति जयपुर, ओरियटल इन्स्टीट्यूट बडोदा, भाडारकर रिसर्च इन्स्टीट्यूट पूना, खरतरगच्छ वृहद् ज्ञान भण्डार बीकानेर, एशियाटिक सोसाइटी बंबई, आत्माराम जैन ज्ञानभंडार बडोदा, मुनि पुण्यविजयजी, मुनि रमणिक विजयजी, श्री सीताराम लालस, श्री रविशकर देराश्री, प० हरिदत्तजी गोविंद व्यास जैसलमेर आदि अनेक संस्थाओ और व्यक्तियो से हस्तलिखित प्रतिया प्राप्त होने से ही उपरोक्त ग्रथो का संपादन सम्भव हो सका है। अतएव हम इन सबके प्रति आभार प्रदर्शन करना अपना परम कर्त्तव्य समझते है।

ऐसे प्राचीन ग्रन्थो का सम्पादन श्रमसाध्य है एव पर्याप्त समय की अपेक्षा रखता है। हमने अल्प समय मे ही इतने ग्रन्थ प्रकाशित करने का प्रयत्न किया इसलिये त्रुटियो का रह जाना स्वाभाविक है। गच्छत: स्खलनंक्वपि भवत्येव प्रमादत:, हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति साधव:।

आशा है विद्वद्वृन्द हमारे इन प्रकाशनो का अवलोकन करके साहित्य का रसास्वादन करेंगे और अपने सुझावो द्वारा हमें लाभान्वित करेंगे जिससे हम अपने प्रयास को सफल मानकर कृतार्थ हो सकेंगे और पुन: मा भारती के चरण कमलों मे विनम्रतापूर्वक अपनी पुष्पांजलि समर्पित करने के हेतु पुन: उपस्थित होने का साहस बटोर सकेंगे।

निवेदक

लालचन्द कोठारी
प्रधान-मन्त्री
सादूल राजस्थानी-इन्स्टीट्यूट
बीकानेर

बीकानेर,
मार्गशीर्ष शुक्ला १५
संवत् २०१७
दिसम्बर ३, १९६०

जिनराजसूरि कृति-कुसुमांजलि

अनुक्रमणिका

सं० कृतिनाम गाथा आदि पद पृष्ठांक

श्री वर्तमान जिन चतुर्विंशतिका

१. श्री आदिनाथ गीतम् ५ मन मधुकर मोही रह्यउ १
२. श्री अजितनाथ गीतम् ४ तार करतार संसार सागरथकी २
३. श्री संभवनाथ गीतम् ५ विणजारा रे नायक संभवनाथ २
४ श्री अभिनंदन गीतम् ५ बेकर जोड़ी वीनवुं रे ३
५. श्री सुमतिनाथ गीतम् ४ करता सुं तउ प्रीति ४
६. श्री पद्मप्रभ जिनगीतम् ५ कार्गलियउ करतार भणी ४
७. श्री सुपार्श्व जिन गीतम् ५ आज हो परमारथ पायउ ५
८. श्री चन्द्रप्रभ गीतम् श्री चद्रप्रभु पाँहुणउ रे ६
६. श्री सुविधिनाथगीतम् ५ सेवा बाहिरउ कइयइ को सेवक ७
१०. श्री शीतल जिन गीतम् ५ आज लगइ धरि अधिक जगीस ७
११. श्री श्रेयांस जिनगीतम् ५ एक कनक नइ बीजी कामिनी रे ८
१२. श्री वासुपूज्य जिनगीतम् ५ नायक मोह नचावीयउ ८
१३. श्री विमलनाथ जिनगीतम् ५ घर अंगण सुरतर फल्यउ जी ६
१४. श्री अनंतनाथ गीतम् ६ पूजा नउ तूं बे परवाही १०
१५. श्री धर्मनाथ जिनगीतम् ५ भवसायर हुँती जउ हेलइ १०
१६. श्री शांतिनाथ जिनगीतम् ५ काल अनंतानंत भव मांहे ११
१७. श्री कुन्थु जिन गीतम् ५ जिम तिम हुं आवी चढ्यउ ११

७८. श्री वीर जिनगीतम् ३ वीरजी' उत्तम जन की रीति न कीनी ५१
७६. श्री वीर जिनगीतम् ३ साहिब 'वीरजी' हो मेरी तनुकि ५६
८०. श्र जिन प्रतिमा सिद्धि
वीर स्तोत्रम् १५ भविश्र जरण नयरण वरणसंड पड़िबोहगं ५६
८१. श्री जिनदेव गीतम् ३ लीनउ री मो मन जिन सेती ६२
८२. श्री प्रभु भजन प्रेरणा ३ कबहूँ मइ नीकइ नाथ न ध्यायउ ५२
८३. श्री नवपद स्तवन १५ दस दृष्टांते दोहिलउ ६३
८४. दादा श्रीजिनकुशल
सूरि स्तवन ६ जी हो धन वेला धन साघड़ी ६५
८५. श्रीजिनकुशल
गुरूरणां गीतम् ४ जपउ कुशलगुरु नाम निसि वासरइ ६६
८६. ,, ,, ३ 'कुशल'गुरु अब मोहे दरसरण दीजइ ६६
८७. श्री भरणशाली थिरु
गीतम् ८ संघवी तूं कलयुगि सुरतरु ६७
८८. श्री शालिभद्र गीतम् १७ मुनिवर विहरण पाँगुरया जी ६८
८६. श्री अरहन्नक साधु
गीतम् १४ नवलउ नवलइ वेस ७०
६०. श्री वइरकुमार गीतम् १० मइ दस मासि उयरि] धरयउ घोटा ७१
६१. श्री अइमत्ता ऋषि
गीतम् १० दीठा गोयम गोचरी जी ७२
६२. श्री सनत्कुमार मुनि
गीतम् ७ जी हो सोहम इंद प्रसंसियउ ७३
६३. श्री बा बली गीतम् ११ पोतइ जइ प्रतिबूझवउ ७४

९४. श्री नंदिषेण गीत १० साधुजी न जइयइ जी पर घर एकला ७५
९५. श्री गजसुकुमाल मुनि गीतम् ६ संवेग रस मांहि झीलतउ ७६
९६. श्री स्थूलिभद्र गीतम् ३ थूलिभद्र न्यारी भाँति तिहारी ७७
९७. श्री विजय सेठ विजया सेठानी गीतम् ३ थालो घन वो प्रिय घन वा प्यारी ७७
९८. श्री दमयन्ती सती गीतम् ११ छोड़ि चल्यउ 'नलराइ' ७८
९९. श्री सती कलावती गीतम् ८ बांहे पहिरखा बहरखा ७६
१००. श्री मयणरेहा सती गीतम् ७ लघु बांधव जुगबाहु नइ रे हां ८०
१०१ श्री सीता सती गीतम् ५ जब कहइ तुझ वनवास रे ८१
१०२. श्री सती सीता गीतम् ६ लखमणजी रावीर जी हो जीवन ८२

रामायण सम्बन्धी पद

१०३. मंदोदरी वाक्यम् ३ मंदोदरी वार वार इम भाखइ ८४
१०४. मंदोदरी वाक्यम् ३ आज पीउ सुपनइ खरी डराई ८४
१०५. मंदोदरी वाक्यम् ३ सीय की भीर रघुवीर धायउ ८५
१०६. सीता विरह ३ सीय सीय करत पीय ८५
१०७. राम वाक्य सुभटानाम् ६ असुरपति आपणि कमाई तइं ८६
१०८. हनुमंत वाक्यम् ३ जु कछु रघु राम कहइ सोऊ करिहुं ८६

५०. श्री शत्रुञ्जय
तीर्थ स्तवन ७ साँभलि हे सखि सांभलि मोरी ३४
५१. श्री शत्रुंजय तीर्थ
स्तवन ५ मन मोह्यउ हे सखी गरुयइ ३५
५२. श्री विमलगिरि
बधामाणा गीतम् ३ भाव धरि धन्य दिन आज ३६
५३. श्री विमलाचल
यात्रा मनोरथ गीत ६ वरग बिछोहउ परिहरी ३६
५४. श्री विमलाचल विधि
यात्रा गीत ७ सुरण सुरण बीनतड़ी प्रिउ मोरा ३७
५५. श्री शत्रुञ्जय यात्रा
मनोरथ गीत-अपूर्ण— सखी आँगुं हे नालेर ३८
५६ श्रीआलोयरणा गर्भित
श्री शत्रुंजय स्तवनम् २७ कर जोड़ो इम वीनवु ३८
५७. श्री आबू तीर्थ
स्तवनम् ७ सुकलीगी प्रिउ नइ कहइ ४१
५८. श्री गिरनागर तीर्थ
यात्रा स्तवन ७ मोरी बहिनी हे बहिनी म्हारी ४२
५९. श्री बीकानेर मण्डन
चौवीसटा आदिनाथ गीतम् ३ चालउ हिव चाउवीसटइ ४३
६०. श्री बीकानेर मंडन
सुमतिनाथ गीतम् ५ चउमुख तीन त्रिभूमिया ४४
६१. श्री वासुपूज्य स्तवनम् ६ बहिनी एक वयरण अवधारउ ४४
६२. श्री बीकानेर मंडन
नमिनाथ स्तवनम् ५ श्री नमिनाथ जुहारियइ ४५
६३ श्री नेमिनाथ
चतुर्मासिकम् ४ श्रावरण मइ प्रीयउ संभरइ ४५

६४. श्री नेमिनाथ गीतम् ५ तउ तुम्ह तारक यादुराय ४६
६५. श्री नेमि राजीमती
बियोग सूचक गीतम् ३ मेरइ नेमिजी इक सयण ४७
६६. श्री लौद्रबपुर पार्श्व-
नाथ स्तवनम् ७ 'लोद्रपुर' पास प्रभु भेटीयइ ४७
६७. श्री लोद्रवपुर पार्श्वनाथ
गीतम् ७ आज नइ वधावउ हे सहीअर ४८
६८. श्री गौड़ी पार्श्वनाथ
स्तवन ७ वालेसर मुझ बीनती 'गउड़ेचा'
राय ४६
६६. श्री अमीझरा
पार्श्वनाथ गीत ६ परतखि पास अमीझरइ ४६
७०. श्री संखेश्वर
पार्श्वनाथ गीतम् ५ करिबउ तीरथ तउ मूंकी रथ ५०
७१ श्री संखेश्वर
पार्श्वनाथ गीत ४ पासजी की मूरति मो मन भाई ५१
७२. श्री सहसफरणा
पार्श्वनाथ गीतम् ६ देखउ माई पूजा मेरे प्रभु की ५१
७३. श्री वाड़ी पार्श्वनाथ
गीतम ५ मेतिज जमक सव गावा तरसइ ५२
७४. श्री चिंतामणि
पार्श्वनाथ गीतम् ८ नील कमल दल सांउली ५३
७५. श्री गुणस्थान विचार
गर्भित पार्श्वनाथ स्तवन १६ नमिय सिरिपास जिण सुजण ५४
७६. श्री विक्रमपुर मंडन
वीर जिन गीतम् ५ भाव भगति धरि आवउ सहिअरि ५८
७७. श्री वीर जिनगीतम् ३ हम तुम्ह 'वीरजी' क्युं प्रीति ५८

१८. श्री अरनाथ जिनगीतम् ५ आराधउ अरनाथ अहानिसि १२
१९. श्री मल्लि जिन गीतम् ५ दास अरदास सी परि करइ जी १३
२०. श्रीमुनिसुव्रत जिन
गीतम् ५ अधिका ताहरा हुंता अपराधी १४
२१. श्री नमिनाथ जिनगीतम् ५ सइं मुख हूँ तुम्हनइ न मिली १४
२२. श्री नेमिनाथ जिनगीतम् ५ साँभलि रे सांमलीआ सामो १५
२३. श्री पार्श्वनाथ जिन
गीतम् ५ मन गमतउ साहिब मिल्यउ १६
२४. श्री वीर जिन गीतम् ५ भविक कमल प्रतिबोधतउ १६
२५. कलश ५ इणपरि भाव भगति मन आणी १७

श्री विरहमान विंशति जिन गीतम्

२६. श्री सीमंधर जिनगीतम् ५ मुझ हियड़उ हेजालुयउ १८
२७. श्री युगमन्धर जिन
गीतम् ५ सइ मुख हुँ न सकूं कही १८
२८. श्री बाहु जिन गीतम् ५ बाहु समापउ बाहु जी १९
२९. श्री सुबाहु जिनगीतम् ६ सामि सुबाहु जिणंद नउ १९
३०. श्री सुजात जिनगीतम् ५ तूं गति तूं मति तूं साचउ धणी २०
३१. श्री स्वयंप्रभ जिनगीतम् ५ सामि स्वयं प्रभू साँभलउ २१
३२. श्री ऋषभानन जिन
गीतम् ६ मइं तउ ते जाण्यउ नही साहिब २१
३३. श्री अनंतवीर्य जिन
गीतम् ५ अनंतवीरिज मइ ताहरउ २१
३४. श्री विशाल जिन
गीतम् ५ आपणपइ हूं आवी न सकूं २२
३५. श्री सूरप्रभ जिन
गीतम् ५ कीजइ छइ जेहना सहू जी २३

३६. श्री वज्रधर जिन
गीतम् ५ एक सबल मनउ धोखउ टल्यउ ४१
३७. श्री चंद्रानन जिनगीतम् ५ समाचारी जूजूई रे २५
३८. श्री चंद्रबाहु जिनगीतम् ५ जोबउ म्हारी म्राई इण दिसि चालतउ हे २५
३९. श्री भुजंगम जिन
गीतम् ५ सामि भुजंगम ताहरउ २६
४० श्री नेमि जिनगीतम् ५ नेमि प्रभु माहरी वीनती जी २६
४१. श्री ईश्वर जिन
गीतम् ५ ईसर जिन वइरागियउ २७
४२. श्री वीरसेन जिन
गीतम् ५ मुझ नइ हो दरसण न्यया न तूं दीयइ हो २७
४३. श्री देवजस जिनगीतम् ५ सइं मुख साहिब नइं मिल्या २८
४४. श्री महाभद्र जिन
गीतम् ५ लहि मानव ग्रवतार ४८
४५. श्री ग्रजितवीर्य
जिन गीतम् ५ मिलि ग्रावउ रे मिलि ग्रावउ रे २९
४६. श्री बीस विहरमाण
जिग गीतम् ५ वीस जिणेसर जगि जयवंता ३०

श्री ऋषभादि तीर्थंकर गीत

४७. श्री ऋषभदेव बाल-
लीला स्तवन ११ मन मोहन महिमानिलउ रे ३१
४८. श्री ऋषभ जिनकर
संवाद ८ रिषभ जिन निरसन रान विहारी ३२
४९. श्री विमलाचल
ग्रादीश्वर स्तवन ११ श्री 'विमलाचल' सिरतलउ ३३

१०६. पुनः हनुमंत
वाक्यं रामचंद्र प्रति ३ जउ पइ होवत राम रजारी ८७
११०. मंदोदरी वाक्यम् ३ आज पिउ सोवत रयणि गई ८७
१११. रावण प्रति
सीता वाक्यम् ३ हरि कउ नाम लइ दसकंध ८८
११२. अहनुमंत प्रति
सीता वाक्यम् ३ आगइ आइ ठाढउ रहयउ वनचर ८८
११३. विभीषण वाक्यम् ३ कहत अइसी भांति विभीषण
भ्रात ८८
११४. पुनः विभीषण
वाक्यम् ३ निपट हठ झालि रहयउ बेकाम ८६

आत्म-प्रबोधक गीत

११५. मोह बलवंत
गीतम् ७ मोह महा बलवंत ८६
११६. वैराग्य गीत ७ सुख लोभी प्राणी साँभलउ जी ९०
११७. पंचेन्द्रिय गीत ७ सुर नर किन्नर राय आज्ञा हो ९१
११८. निदावारक गीत ७ सुणहु हमारी सीख सयाणे ९२
११९. आत्मशिक्षा
(विणजारा) गीत ८ विणजारा रे वालंभ सुणि ९३
१२०. आत्मशिक्षा गीत ५ इक काया घर कामिनी परदेसी रे ९४
१२१. आत्मशिक्षा गीत ३ जीवन मेरे यहु तेरउ कउण विसेस ९५
१२२. सीखामण गती ७ घर छोड़ि परदेसि भमइ ९६
१२३. जकड़ी गीत ३ मेरउ नाह निहेरउ ९६
१२४. आत्म-प्रबोध जकड़ी
गीत ३ हमारइ माई कंत दिसावर कीनउ ९७
१२५. आत्म प्रीतम गीत ३ अब तुम्ह ल्यावउ माई री ९७

१२६. आत्मा देह संबंध ३ बिदेशी मेरे आइ रहे घर माँहि ९७
१२७. परमारथ पिछानो ६ तू भ्रम भूलउ रे आतम हित न करइ ९८
१२८. 'जागउ' प्रेरणा ५ सोवन की बरीयाँ नाहीं बे ९८
१२९. जीव शिक्षा ३ मेरउ जीव परभव थी न डरइ ९९
१३०. परदेशी गीत ५ परदेशी मीत न करीयइ री ९९
१३१. आत्म शिक्षा ५ भ्रम भूलउ ता बहुतेरउ रे १००
१३२. परमार्थ-साधन जकड़ी गीत ३ रे जीउ आपणपउ अब सोच १००
१३३. किण हू पीर न जाणी ३ पिउ कइ गवणि खरी अकुलाणी १०१
१३४. पिउ-पाहुणो ३ जब जाण्यउ पीउ पाहुणउ १०१
१३५. आत्म प्रबोध तेरा कौन ? ३ जीउ रे चाल्यउ जात जहान १०२
१३६. स्पर्धा ३ कहा कोउ होर करउ काहू को १०२
१३७. जकड़ी गीत देह चेतन-वृत्ति ५ लालण मोरा हो,जोवन मोरा हो १०२
१३८. पचरंग काचुरी देह ४ पंचरंग कांचुरी रे बदरग तोजइ धोइ १०३
१३९. जाति-स्वभाव अज्ञानो शिक्षा ३ कहा अज्ञानो जीउ कुं गुण ज्ञान १०३
१४०. परमार्थ अक्षर ३ तुम्ह पइ हइ ज्ञानी कउ दावउ १०४
१४१. जकडी गीत बहाँ की खबर ३ मेरे मोहन अब कुण पुरी बसाई १०४
१४२. परदेशी प्रीति ३ कबहुँ न करिरी माई मीत बिदेसी १०४

१४३. पश्चाताप ३ आली प्रीउ की पतयाँ हम न बची १०५
१४४. साँइ नाम संभारो 'भव भ्रमण' ३ आली मत आपउ परबसि पारइ १०५
१४५. आत्म प्रबोध ३ हिलि मिलि साहिब कउ जस वाचउ १०६
१४६. झूठी दिलासा ३ बउरे मास बरस हैं बउरे १०६
१४७. आत्म प्रबोध, सुख-दुख ३ रे जीउ काहइ कुं पचताबइ १०७
१४८. मन शिक्षा, घडी मे घडियाल ३ मन रे तूं छोरी माया जाल १०७
१४९. अस्थिर जग, श्वास का विश्वास ? ३ कइसउ सास कउ वेसास १०७
१५०. कोई जामिन नहीं ३ रे जीव काहइ करत गुमान १०८
१५१. कामिन गीतम् मदन का तौर ३ अब हइ मदन नृपति कउ जोरो १०८
१५२. भ्रम-भ्रमण, भ्रम मे भूला ३ अपनउ रूप न आप लहइरी १०८
१५३. धर्म मर्म, परम-पुरुष कुण पावत ? ३ कऊण धरम कउ मरम लहइरी १०९
१५४. काल का हेरा, ममता निवारण ३ रे मन मूढ़ म कहि गृह मेरउ ११०
१५५. परदेशी किसके वश ? जकड़ी गीत ७ उण मीत परदेसी बिना मोहि ११०
१५६ आतम काया गीत ७ सुणि बहिनी प्रिउड़उ परदेशी १११
१५७. देह गर्व परिहार, आखिर छार है ३ इया देही कउ गरब न कीजइ ११२

१५८. आत्म प्रबोध,
कौन तेरा ? ३ तूं तउ घरउ आज अयान ११२
१५९. शील बत्तीसी ३२ सोल रतन जतने करि राखउ ११२
१६०. कर्म बत्तीसी ३२ करम तणी गति अलख अगोचर ११६
१४१. शालिभद्र धन्ना
चौपाई ढाल २९ सासण नायक समरीयै १२०
१६२. श्री गजसुकमाल
महामुनि चौपई ढाल ३० नेमीसर जिनवर तणा १६२
१६३. तीर्थराज गीतम् ६ पगि पगि आव्या समरता २१८
१६४. तीर्थ यात्रा मार्ग
निरूपक गीतम् १४से १६ सखि भोजिग भाट चारण २१८
१६५. सुदर्शन सेठसज्झाय १६ जी हो कूड कपट तिहाँ केलवी २१९
१६६.श्री जिर्नासहसूरि गीतम् ५ श्री जिनसिंहसूरीश्वर गुरु
प्रतपउ २२०
१६७. श्री जिर्नासहसूरि
द्वादशमास ढाल ४ पुरसादाणी पास जिण २२१
१६८. अमीजरा पार्श्वनाथ
स्तवन गा. ७ परतखि पास अमीझरउ
परिशिष्ट जिनराजसूरि रास जयकीर्ति रचित २२५

जैनाचार्य जिनराजसूरि और उनकी साहित्य सेवाः—

राजस्थान में काफी प्राचीन समय से जैन-धर्म का प्रचार रहा है। समय समय पर अनेको जैनाचार्यों और विद्वान मुनियों ने यहा के लोगों को अपने उपदेशों द्वारा सद्धर्मानुयायी बनाया। ओसवाल, पोरवाल, श्रीमाल, पलीव्वाल, खंडेलवाल आदि अनेक जैन, वंश, जाति व गोत्र, जो आज सारे भारतवर्ष में फैले हुए है, वे अधिकांश राजस्थान के ही है। कलापूर्ण मंदिर, मूर्तियों, चित्रों, हस्तलिखित ग्रंथों आदि का राजस्थान मे जैन मुनियो और आचार्यों द्वारा प्रचुर परिमाण मे-निर्माण हुआ। आज भी सैंकड़ों छोटे-बड़े ज्ञानभंडार, जैन-मंदिर राजस्थान मे पाए जाते है। अनेकों विद्वान जैन ग्रंथकार राजस्थान में हुए हैं। जिन्होंने प्राकृत संस्कृत, अपभ्रंश राजस्थानी, हिंदी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी भाषा में रचनाएं की है। यहां के कई विद्वान तो बंगाल तक पहुँचे और वहां भी राजस्थानी एवं हिंदी में ग्रन्थ बनाए। उनके द्वारा कुछ फुटकर भजन बंगला भाषा में भी रचे गये है, इस तरह राजस्थान के जैन कवियो का रचा हुआ साहित्य बहुत विशाल और विविध प्रकार का है-साहित्य-रचना में उनका प्रधान उद्देश्य लोक,कल्याण का रहा है। विद्वत्ता-प्रदर्शन, धन एवं यश की प्राप्ति उनका उद्देश्य नही था। जन साधारण के लिए रचे जाने के कारण उनकी रचनाओं की भाषा भी सरल होती थी। प्राकृत एव संस्कृत ग्रन्थों की भाषा टीकाएं भी राजस्थानी-गद्यमे काफी

लिखी गई हैं। कुछ कथा-ग्रंथ और पट्टावलियाँ भी राजस्थानी-गद्य में प्राप्त है।

१७ वी शताब्दी के राजस्थानी जैन कवियो में मालदेव, पार्श्वचन्द्रसूरि, विनयसमुद्र, समयसुन्दर, साधुकीर्ति, कनकसोम, हीरकलश, कुशललाभ, गुणविनय, सूरचंद, सहजकीर्ति, लब्धि-कल्लोल, श्रीसार आदि अनेक कवि हो गए हैं। जिनराजसूरि भी १७ वी के उत्तरार्द्ध के उल्लेखनीय कवि है। इनका जन्म बीका-नेर मे ही हुआ था। १६ वी शताब्दी के मस्तयोगी एवं प्रखर समालोचक सुकवि ज्ञानसार जी ने इनके लिए लिखा है 'गुजरात माँ ए कहिवत छे आनंदघन टंकसाली, जिनराजसूरि बावा तो अवध्य बचनी' अर्थात् इनके बचनों के प्रति लोगों का बहुत ही आदर भाव था। आपकी चौवीसी, वीसी के गीतों में भक्तिरस सराबोर है। तो अन्य पदो में नीति एवं धर्म का प्रेरणाप्रद संदेश है। प्रस्तुत ग्रंथ आपकी रचनाओं का संग्रह है अतः आपकी जीवनी और रचनाओं के सम्बन्ध मे यहां संक्षेप में प्रकाश डाला जाता है।

गुरु-परम्परा—

१७ वीं शताब्दी के खरतरगच्छ के आचार्य जिनचंद्रसूरि जी बड़े ही शासन-प्रभाविक होने से चौथे दादासाहब के नाम से श्वेताम्बर-जैन समाज में सर्वत्र प्रसिद्ध हैं। उन्होंने सं० १६१३ में बीकानेर में आकर जैन साधुओं के शिथिलाचार के निवारण का महान् प्रयास किया था। सं० १६४८ में सम्राट अकबर ने धर्मो-पदेश सुनने के लिए इन्हें आमन्त्रित किया था और आप खंभात से विहार कर लाहौर पधारे थे। सम्राट अकबर ने इनके प्रति बहुत ही श्रद्धा प्रदर्शित की और जीव-हिंसा निवारण संबंधी फरमान जारी किए। असाढ़ सुदी ८ से चतुर्दशी तक ७ दिन

अकबर के विशाल साम्राज्य में जीवहिंसा निषेध कर दी गई। इसी प्रकार 'खंभात के समुद्र से १ वर्ष तक कोई भी मछली नहीं पकड़ सकता' ऐसा फरमान जारी कर दिया गया। इतना ही नही सम्राट अकबर ने जैन धर्म मे जो सबसे अधिक महत्त्वशाली पद 'युगप्रधान' है उससे आपको विभूषित किया इस प्रसंग पर बीकानेर के मंत्री कर्मचंद बच्छावत ने ६ हाथी, ६ गाँव, ५०० घोड़े आदि कुल मिलाकर सवा करोड़ का दान दिया। १६६८ में जब किसी कारण से सम्राट जहांगीर ने समस्त श्वेताम्वर साधुओं को देश से निकालने का हुक्म जारी कर दिया तो सारे जैन-संघ में खवबली मच गई। तब जिनचंद्रसूरि पाटण से आगरे पहुँचे और जहाँगीर से मिलकर उस घातक आदेश को रद्द करवाया।

ऐसे महान् आचार्य के शिष्य वाचक मानसिंह हुए जिन्हें सम्राट अकबर और जहांगीर तथा अनेक राजा महाराजा सम्मान देते थे। सम्राट अकबर के आग्रह से वे काश्मीर-विजय के समय सं०१६४८में उनके साथ गए थे और श्रीपुर काश्मीर तक इनके उपदेश से सम्राट ने अभारि प्रवर्तित की उनके साध्वाचार से प्रभावित होकर सम्राट अकबरने काश्मीर से लौटने पर जिनचंदसूरिजी से इन्हें आचार्य पद दिलवाया था। जिनचाँदसूरि जी के 'युगप्रधान' पद का महोत्सव और मानसिंह जी का आचार्य-पद महोत्सव मंत्रीश्वर कर्मचंद ने एक साथ ही किया था। आचार्य पद के बाद मानसिंह जी का नाम जिनसिंहसूरि रखा गया। अकबर ने जब जिनचंदसूरि जो को बुलाया था तो आप सूरिजीके आदेश से उनसे पहले लाहौर पहुच कर सम्राट से मिले थे। उन दिनों शाहजादा सलेम के मूलनक्षत्र में कन्या हुई थी। इसके दोष निवारण और शान्ति के लिए अष्टोत्तरी शान्ति-स्नात्र महोत्सव वाचक मानसिंहजीने करवाया था। जिनराजसूरिजी उन्ही जिनसिंहसूरिजी के पट्टधर शिष्य थे।

प्रस्तुत ग्रंथ के अ त में जिनराजसूरि की विद्यमानता में ही रचित जयकीर्ति रचित जिनराजसूरिरास प्रकाशित किया गया है उसका स क्षिप्त सार इस प्रकार है--

जिनराजसूरि जी का जीवन-परिचय—

बीकानेर नगर में बोथरा गोत्रीय धर्मसी साह निवास करते थे। उनकी धर्मपत्नी का नाम धारलदेवी था, दम्पति सुखपूर्वक सांसारिक सुख भोगते हुए रहते थे। सं० १६४७ वैसाख शुक्ला ७ को धारलदेवी के शुभ लक्षणवान, सुन्दर पुत्र जन्मा[१]। पिता द्वारा नाना प्रकार के उत्सव किए जाकर शिशु का नाम 'खेतसी कुमार' रखा गया। बाल्यकाल मे हो कुमार समस्त कलाओं का अभ्यास कर निपुण बन गए।

एक बार बीकानेर मे खरतर-गच्छाचार्य श्री जिनसिंहसूरि पधारे। उनका धर्मोपदेश सुन वैराग्य-वासित होकर कुमार ने दीक्षा लेने के लिए माता-पिता से आज्ञा माँगी। बड़ी कठिनता से अनुमति प्राप्त कर बड़े समारोह के साथ सं० १६५७ मार्गशीर्ष कृष्णा १०[२] के दिन प्रव्रज्या ग्रहण की। उनका नाम राजसिंह रखा गया। तत्पश्चात् मॉडल के तप कराके छेदोपस्थापनीय चारित्र दे कर उनका नाम राजसमुद्र प्रसिद्ध किया गया।

राजसमुद्र जी की बुद्धि बडी कुशाग्र थी। अल्पकाल में न्याय व्याकरण, तर्क, अलंकार, कोष, ४५ आगम आदि पढ़कर विद्वान् हुए। तेरह वर्ष की अल्पावस्था में चिन्तामणि तर्क-शास्त्र आगरे मे पढ़ा!

१- रास का प्रथम पत्र न मिलने से यहा तक का उल्लेख श्रीसार-कृत 'जिनराजसूरि रास' से लिया गया है।

२- श्रीसारकृत रास मे सं० १६५६ मि० मा० शु० १३ लिखा है। इस रास की प्रति मे भो पहले यही मिति लिखकर और फिर काट कर उपर्युक्त मिती दी है। अन्य प्रबंध मे सं० १६५७ मि० मा० सु० १ लिखा है।

युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी ने सं० १६६७[1] में आसाउलि में राजसमुद्रजी को वाचक पद से अलंकृत किया। वाचकजी ने समसद्दी-सिकदार को रंजित करके २४ चोरों को बंधन-मुक्त कराया। घंघाणी ग्राममे प्रतिमाओं की प्राचीन लिपि पढ़ी। मेड़ता मे अम्बिकादेवी सिद्ध हुई। आगे संघपति रतनसी, जूठा और आसकरण के साथ तीनवार शत्रुञ्जय की यात्रा की थी, चौथी वार देवकरण के संघ के साथ सिद्धिगिरि स्पर्शना की।

वाचकजी को बड़े बड़े राजा, महाराजा, राणा मुकरबखान नबाब आदि बहुमान देते थे। मुकरबखान ने सम्राट के समक्ष इनकी बड़ी प्रसंशा की।

सम्राट जहांगीर के आमन्त्रण से श्री जिनसिंहसूरिजी बीकानेर से विहार कर मेड़ता पधारे। वहाँ सूरिजी का शरीर अस्वस्थ रहने लगा। अन्त समय मे वाचक जी ने बडी भक्ति की और सूरिजी के श्रेयार्थ गच्छ पहिरावणी करने,ज्ञानभंडारमे ६३६००० (ग्रंथाग्रन्थ) पुस्तके लिखाकर रखने और ५०० उपवास करने का वचन दिया। सूरिजी के स्वर्गवासी हो जाने पर सं० १६७४ का० शु०७ शनिवार को राजसमुद्र जी को उनके पट्ट पर स्थापित किया गया। संघपति आसकरण ने उत्सव किया। आचार्य हेमसूरि ने[2] सूरिमंत्र दिया। भट्टारक श्रीजिनराजसूरि नाम रखा गया दूसरे शिष्य श्रीजिनसागरसूरिजी को भी आचार्य पदवी दी।

कवि ने पदस्थापना महोत्सव करने वाले सुप्रसिद्ध चोपड़ा शाह आसकरण का यह विवरण लिखा है–जिनके घर मे परम्परागत बड़ाई थी। शाह माला स ग्राम की भार्या दीपकदे के पुत्र कचरे ने

१- प्रबंध में सं० १६६८ का उल्लेख है। इस रास मे मूल गाथा में संवत् न लिखकर किनारे पर लिखा है।

२- प्रबंध में इन्हें पूर्णिमा गच्छीय लिखा है।

बहुत धर्म कार्य किए। आसकरण[1] के पिता अमरसी और माता अमरादेवी और स्त्री का नाम अजायबदे था। अमीपाल, कपूरचंद भाई, ऋषभदास और सूरदास नामक बुद्धिशाली पुत्र थे। संघपति आसकरण चोपड़ा ने शत्रुंजय संघ, जिनालय निर्माण, पदस्थापना महोत्सव आदि धर्मकार्य किए।

भट्टारक श्री जिनराजसूरिको जेसलमेरके राउल कल्याणदासने विनति करके जेसलमेर बुलाए स्वागतार्थ कुमार मनोहरदास को भेजा। भणसाली जीवराजने प्रवेशोत्सव किया। सूरिजीने चातुर्मास किया, उनके प्रभाव से वहाँ सुकाल हुआ। बहुतसे धर्म कार्य हुए पर्यूषण में अमरसिंह के पुत्र जीदासाह ने पौषध वालों को १ सेर खांड और नकद रुपये की प्रभावना की। राजकुमार मनोहरदास प्रतिदिन वन्दना करने आते, राउलजी बहुमान देते थे।

संघपति थाहरू शाह[2] जो श्रीमलशाह के सुपुत्र थे,ने लौद्रव-

१- मेडता मे इन्होंने शांतिनाथ जिनालय बनवाकर अनेक बिम्बों की प्रतिष्ठा जिनराजसूरि से करवाई थी। प्रतिष्ठा लेख नाहर जी के जैन लेख संग्रह मे लेखांक ७७१,७८८,७८७में प्रकाशित है जिनमें इनके सम्बन्धमे लिखा गया है कि गणधर चोपड़ा गोत्रीय अमरसी भार्या अमरादे पुत्र रत्न संप्राप्त श्री अर्बुदाचल विमलाचल संघपति तिलक कारित युगप्रधान श्री जिनसिंहसूरि पट्टनन्दिमहोत्सव विविध धर्म कर्त्तव्य विधायक सं०आसकरणेन। × × 'स्वयं कारित मम्माणीमय विहार-शृंगारक श्री शांतिनाथ बिम्बकारित(सं०१६७७ जेठ बदि ५ गुरुवारका प्रतिष्ठा-लेख)

२- इनके सम्बंध में स्वयं जिनराजसूरि जी ने एक गीत बनाया है जो इसी ग्रंथ के पृष्ठ ६७ में प्रकाशित है। इनकी वंश परम्परा और धार्मिक कार्यों के संबंध में महोपाध्याय समयसुंदर के शिष्य वादी हर्षनंदन ने एक प्रशस्ति बनाई है। सं० १६७५ मिगसर सुदि १२ गुरुवार को इन्होंने लोद्रवे तीर्थ का उद्धार करवाया और मूर्ति की प्रतिष्ठा जिनराजसूरि से करवाई। उनके लेख नाहरजी के जैन लेख संग्रह नं० २५४४,

पुर के मन्दिर का जीर्णोद्धार कराया और सं० १६७५ मार्गशीर्ष शुक्ला १२ शुभ मुहूर्त में सूरिमहाराज से प्रतिष्ठा करवाई। कवि ने थाहरू शाह के धर्मकार्यों का वर्णन इस प्रकार किया है—लौद्रवपुर का जीर्ण प्रासादोद्धार, ग्रामदो मे खरतर गच्छीय ज्ञानभंडार कराया, दानशाला खोली, चारों अट्ठाहियों में ४४०० जिन प्रतिमाओं की पूजा, सातों मन्दिरों मे ध्वजा चढ़ाई, गीतार्थों के पास सिद्धात श्रवण, त्रिकाल देवपूजा आदि धर्म कार्य करता था। लोद्रवपुर प्रतिष्ठा–समय देशान्तरो का संघ बुलाया। तीन रुपये और अशरफियो की लाहण की, राउल जी को विपुल द्रव्य भेट किया, जाचकों को मनोवाँछित दिया, हरराज और मेघराज सहित चिरजीवी रहे। उस समय जीदाशाह ने २००) रुपये देकर इन्द्रमाल ग्रहण की। जोवराज भी पुत्र सहित शोभायमान था।

इसके पश्चात् अहमदाबाद के सुप्रसिद्ध संघपति रूपजी को चिट्ठी नफरइ (डाकिया) ने लाकर दी। शत्रुञ्जय प्रतिष्ठा के लिए सूरिजी को बुलाया था। तब करमसी शाह और माल्हु अरजुन ने उत्साह पूर्वक संघ निकाला। गांव गाँव मे लाहण करता हुआ संघ श्री जिनराजसूरिजी के साथ शत्रुञ्जय पहुचा। युगादि जिनेश्वर के दर्शन कर संघ ने अपना मनुष्य जन्म सफल किया।

अब कवि रूपजी शाह केविषय मे कहता है कि अहमदाबाद के खरतर गच्छीय श्रावक सोमजी और शिवा वस्तुपाल तेजपाल की भाँति धर्मात्मा हुए, जिन्होंने सं० १६४४ मे शत्रुञ्जय का संघ निकाला। अहमदाबाद में महामहोत्सव पूर्वक जिनालय की भी प्रतिष्ठा करवाई। खंभात, पाटण के संघ को आमंत्रित कर

२५६९, २५६८, २५७०, २५७२, मे प्रकाशित है। सं०१६८२ और १६६३ मे भी थाहरूशाह ने गणधर पादुका व मूर्तियो की प्रतिष्ठा जिनराजसूरि जी से करवाई थी। इनके स्थापित ज्ञानभंडार जेसलमेर मे है।

पहरावणी की। राणकपुर, गिरनार, सेरिसइ गौड़ीपुर, आबू आदि तीर्थों की संघ सहित यात्रा की, साधर्मी वात्सल्य किया। खरतर गच्छ संघ में लाहण की प्रत्येक घर में अर्द्ध रुपया दिया। स्वधर्मियों को बहुत बार सोने के वेढ पहनाए। शत्रुञ्जय पर चैत्य बनवाया। सोमजी शाह के रतनजी और रूपजी दो पुत्र थे। रतनजी के पुत्र सुन्दरदास और शिखरा सुप्रसिद्ध थे। रूपजी शाह ने शत्रुञ्जय का आठवाँ उद्धार कराके खरतर गच्छ की बड़ी ख्याति फैलाई। सं० १६७६[1] वैशाख शुक्ला १३ को चौमुखजी की प्रतिष्ठा श्रीजिनराजसूरि जी के हाथ से करवाई[2] मारवाड़, गुजरात का संघ आया। याचक, भोजक, भाट, चारणों को बहुतसा दान दिया।

श्रीजिनराजसूरिजी ने संघ के साथ विहार कर नवानगर में चातुर्मास किया। भाणवड में शाह चांपसी (बाफणा) कारित बिम्बों की प्रतिष्ठा की। गुरु श्री के अतिशय से बिम्ब से अमृत झरने लगा। जिस से अमीझरा पार्श्व प्रसिद्ध हुए। मेड़ता के संघपति आसकरण ने आमंत्रण कर सं० १६७७[3] में श्री शांतिनाथजी के मंदिर की प्रतिष्ठा कराई। बीकानेर चातुर्मास कर सिंधु पधारे। मुलतान, मेरठ, फतेपुर, देरा के संघ ने सामैया कर प्रवेशोत्सव किया। मुलतानी संघ ने बहुतसा द्रव्य व्यय किया। गणधर शालिभद्र, पारिख तेजपाल ने संघ निकाल कर सूरिजी को देरावर श्री जिनकुशलसूरिजी की यात्रा करवाई।

१- शिलालेखों मे गुजराती पद्धति से सं० १६७५ लिखा है।

२- शिलालेखों मे जेठवदी ५ लिखा है।

३- इसके प्रतिष्ठा-लेख जिनविजय जी सम्पादित 'प्राचीन जैन-लेख संग्रह' में प्रकाशित है।

सूरिजी ने पंचपीरों को साधन किया, बीकानेर[1] पधारे। करमसी शाह के आग्रह से केरिणी चौमासा करके जेसलमेर पधारे।

सा० अर्जुनमाल्हू ने प्रवेशोत्सव किया। नंदी स्थापन कर कर्मसी शाह ने चतुर्थ व्रत अंगीकार किया। जेसलमेर चातुर्मास कर पाली पधारे। संघपति जूठा कारित चैत्य की प्रतिष्ठा की। नगरशेठ नेता ने गुरु श्री को वंदन किया। चातुर्मास पाटण किया। वहां से अहमदाबादी संघ के आग्रह से वहाँ चातुर्मास किया। अनेको को पाठक, वाचकपद एवं दीक्षा प्रदान की।

इससे पूर्व अम्बिकादेवी ने प्रत्यक्ष होकर 'आपको भट्टारक पद पाँचवें वर्ष प्राप्त होगा।' ऐसा भविष्यवाणी की थी वह एवं अन्य पचास बोल फलीभूत हुए। अम्बिका हाजिर रहकर आपको सानिध्य करती थी। जयतिहुअण के स्मरण से धरणेन्द्र ने 'आज से चौथे वर्ष फागुण सुदि ७ को आप भट्टारक पद पाओगे' ऐसा कहा था। श्री जिनसिंहसूरिजी के स्वर्गवास की सूचना तीन दिन पूर्व आपको ज्ञात हो गई थी। बाल्यावस्था मे भी अपने कथनानुसार गच्छ पहरावणी, ६३६००० ग्रंथ भंडार मे रखना, ५०० उपवास करना आदि कार्य सम्पन्न किए।

१- बीकानेर मे आपकी प्रतिष्ठित अनेक मूर्तिया सं० १६७५ से १६६६ तक की प्रतिष्ठित की हुई उपलब्ध है, जिनके लेख हमारे 'बीकानेर-जैन लेख संग्रह' में प्रकाशित है। बीकानेरके सुप्रसिद्ध आदीश्वरजी के मंदिरमें सं०१६८६के चैत्र बदि ४ को आपकी प्रतिष्ठित जिनसिंहसूरि चरणपादुका और जिनचंद्रसूरिजी की मूर्ति है। सं० १६८७ ज्येष्ठ सुदि १० को प्रतिष्ठित भरत बाहुबलि प्रतिमा और सं० १६९४ फागुण बदि ७ को प्रतिष्ठित पुंडरीक स्वामी, एवं सुविधिनाथ की मूर्तिया हैं। सं०१६८६ की प्रतिष्ठित मरुदेवी मूर्ति आदीश्वरपादुका आदि हैं।

सं० १६८१ राखीपूनम के जेसलमेर में युगप्रधान श्री जिनचंद्रसूरि जी के शिष्य पं० सकलचंद गणि के शिष्य उपाध्याय समय सुन्दर[1] के शिष्य वादीराज हर्षनन्दन के शिष्य पं० जयकीर्ति ने प्रस्तुत काव्य रचकर संपूर्ण किया।

जिनराजसूरि जी के जीवनचरित्र के संबंध में श्रीसार नामक एक अन्य कवि ने भी रास बनाया जो हमारे ऐतिहासिक जैन संग्रह मे प्रकाशित हुआ है। वह रास स० १६८१ असाढ़ बदि १३ सेत्रावा में रचा गया था। अर्थात् उपरोक्त जयकीर्तिके रास के आसपास के दिनो मे ही रचा गया है। अतः उपरोक्त दोनों रास जिनराजसूरि जी की विद्यमानता में ही रचे जाने से पूर्ण रूप से प्रामाणिक है। इसके बाद करीब १८ वर्ष तक और भी आपने शासन-प्रभावना की, जिसका पूरा विवरण तो नहीं मिलता पर एक ऐतिहासिक गीत से एक महत्वपूर्ण उल्लेख मिलता है कि सं० १६८६ के मिगसर बदि ४ रविवार को आगरे मे आप सम्राट शाहजहाँ से मिले थे। और वहां ब्राह्मणों को वाद-विवाद में पराम्त किया था तथा दर्शनी लोगों के विहार का जहाँ कहीं प्रतिषेध था, उसे खुला करवा कर शासनोन्नति की थी। शाही दरबार में मुकरबखानने आपके साध्वाचार की बड़ी प्रशंसा की थी।

जसु देखि साधु पणौ भलौ हरखि दियौ बहुमान।
साबासि तुम्ह करणी भली कहइ श्री मुकरब खान॥

शाहजहां से मिलने के संबंध में दास कवि ने लिखा है—

"साहिजहाँ पातिसाह प्रवल प्रताप जाको,
अति ही करूर नूर कौन सर दाखी है।

१- समयसुंदर जी और हर्षनंदन जी का परिचय देखें 'युगप्रधान जिनचंद्रसूरि' पृ० १६७ से १७१ तक। जयकीर्ति कृत पृथ्वीराज वेलि बालावबोध उपलब्ध है।

ग्रासीचउ गछ' सब थहराये जाके भय,
ऐसो जोर चकतो हुवौ न कोउ भाखी हो।
श्रीय 'जिनस घ' पाट मिल्येउ साहि सनमुख,
'धरमसी' नंदन सकल जग साखी हैं।
कहै 'कविदास' षट्दरशन कुं उबारे,
शासन की टेक 'जिनराजसूरि' राखी है।
'ग्रागरे' तखत ग्राये सबही के मन भाये,
विविध बधाये स घ सकल उछाह कुं।
राजा 'गजस घ' 'सूरस घ' 'ग्रसरफ खान',
'ग्रालम' 'दीवान' सदा सुगुरु सराह कुं॥
कहै 'कविदास' जिणसिघ पाट सूर तेज,
अगम सुगम कीने शासन सुठाह कुं
'मिगसर बहु (ल) चोथ' 'रविवार' शुभ दिन,
मिले 'जिनराज' 'शाहिजहाँ' पतिशाह कुं

इस मिलन के सम्बन्ध मे दानसागर भंडार को एक भाषा पट्टावली में लिखा है 'स० १६८६ श्री ग्रागरा मांहे पहली ग्रास-बखान नइं मिल्या। तिहां ८ ब्राह्मणां सूं बाद करि,ग्राठइ ब्राह्मण हारया। ग्रासिबखान निपट खुसी थया। तिवार पछी कह्या मइ पातसाहसुं तुमकूं मिलावूंगा। तिवारं मिगसर वदि ४ ग्रादित्यवार पातिसाह साहजहाँ नइ मिल्या। त्रिहजारी बी ऊंबराम्रो सामा-सूकि तेड़ाया, घणउ ग्रादर दिउ ग्रनइ केतरेक देसे यति रह न सकता ते पिण तिवार पछि रहता थया। घणा ग्रवदात छइ।'

ग्रन्य एक महत्वपूर्ण घटना ग्रापके ग्राचार्य पद प्राप्ति के पहले की पट्टावलियों एवं शिलालेखोंमें उल्लिखित है कि मारवाड़ के घघाणी गाँव में सं० १६६२ में बहुत सी प्राचीन जैन प्रतिमाएँ प्रगट हुई थी। मुसलमानी साम्राज्य के भय से उन प्राचीन प्रति-माग्रोंको कभी भूमि-गृहमें बंद करके रख दिया गया था। जेठ सुदि

११ को वे ६५ प्रतिमाएं प्रगट हुई जिनका विवरण महोपाध्याय समयसुंदर ने अपने घंघाणी तीर्थ स्तवन में दिया है जो कि हमारे समय सुंदर कृति-कुसुमांजलि में प्रकाशित हो चुका है। वे प्रतिमाएं मौर्यकाल तक की पुरानी थीं इसलिए उनकी लिपि उस समय पढ़ी जाना बहुत ही कठिन था। पट्टावलियों एवं शिलालेखों मे लिखा है कि धरणेन्द्र या अम्बिकादेवी के प्रसाद से आप उस प्राचीन लिपि को पढने में समर्थ हुए।

'बणारस (वाचक) पद थकां धरणेन्द्र प्रभावइ श्री घंघाणी नी लिपि बाँची अनइ वर दीधउ जेहनइ माथइ हाथि द्यइ ते पिण वाचइ। वलि लघुवइ थकां तपाँरउ उपाध्याय सोमविजय नइं हराव्यउ।'

'अम्बिका प्रदत्त वरधारका स्तद्बल प्रगटित घंघाणीपुर-स्थित चिरंतन-प्रतिमा प्रशस्ति वर्णान्तरा।

आपके शासन में ६ उपाध्याय और ४१ वाचक पदधारी बिद्वान हुए। एक साध्वी का प्रवर्तनी का पद दिया गया। आपके शिष्य और प्रशिष्यों की संख्या भाषा पट्टावलीमें ४१ बतलाई गई है। आपने अनेक शिष्यों को आगमादि ग्रंथ सिखाए थे। इस तरह धर्म सेवा और साहित्य सेवा करते हुए पाटण मे सं० १७०० असाढ सुदि ६ गुजराती संवत् के अनुसार सं० १६६६ में आप स्वर्गवासी हुए।

आपके साथ ही जिनसागरसूरिजी को आचार्य पद दिया गया। वे १२ वर्ष तक तो आपके साथ रहे, फिर अलग हो गए। उनसे आचार्य शाखा प्रकटित हुई। जिनराजसूरिजी के समय राजस्थान और गुजरातमे खरतर गच्छ का बहुत प्रभाव था और अनेक विद्वान् इनकी आज्ञा में गाँवों और नगरो में विचरते हुए धर्म-प्रचार और साहित्य-सृजन कर रहे थे। आपके आज्ञानुवर्ती श्रावकों में भी कई बहुत प्रभावशाली और समृद्ध थे, जिन्होंने

बडे २ तीर्थयात्रा के संघ निकाले। बडे भव्य और विशाल जैन मंदिरों का निर्माण और जीर्णोद्धार करवाया। हजारो प्रतिमाओं की जिनराजसूरि जी के हाथ से प्रतिष्ठा करवाई। जेसलमेर के थाहरूशाह ने लोद्रवेके चिंतामणि पार्श्वनाथ जिनालयका जीर्णोद्धार करवाया अहमदाबाद के संघपति सोमजी के पुत्र रूपजी ने शत्रुञ्जय पर चतुर्मुख,रिषभ आदि ५०१ प्रतिमाएं और जिनालय की प्रतिष्ठा करवाई। भाणवड मे चांपसी साहने अमीझरा पार्श्वनाथ आदि ८० बिम्बों की प्रतिष्ठा करवाई। मेडते के चापड़े आसकरण ने शांतिनाथ मंदिर की प्रतिष्ठा करवाई। इस तरह जिनराजसूरि बड़े ही प्रभावशाली, विद्वान आचार्य हुए है। जिनकी फुटकर रचनाओ और दो रासो को इस ग्रंथ में प्रकाशन किया गया। आपकी रचनाओं का संक्षिप्त विवरण आगे दिया जा रहा है।

जिनराज सूरि को साहित्य-सेवा—

आचार्य जिनराजसूरि जी अपने समय के विशिष्ट विद्वान और सुकवि थे। रासकार जयकीर्ति और श्रीसार दोनों ने उनकी कुशाग्र बुद्धि अध्ययन के सम्बंध मे अच्छा प्रकाश डाला है। उनके बाल्यकाल के अध्ययन के संबंध में श्रीसार ने लिखा है।

पुत्र भणइवा मांडियइ, पण्डित गुरुनइ पाय।
विद्या आवो तेहनइ, सरसति मात पसाय ॥१॥
भली परइ आवी भले, रिद्धो अनइ समान।
"चाणाइक" आवइ भला, नीति शास्त्र असमान ॥२॥
तेह कला कोइ नही, शास्त्र नहीं वलि तेह।
विद्या ते दीसइ नही, कुमर नइ नावइ जेह ॥३॥
कला 'बहुत्तरि' पुरषनी, जाणइ राग 'छतीस'।
कला देखि सहुको कहइ, जीवो कोड़ि वरीस ॥४॥

'षड भाषा' भाखइ भली, 'चवदइ विद्या' लाध।
लिखइ 'अठाहर लिपी' सदा, सिगले गुणे अगाध ॥५॥

जयकीर्ति ने तो प्रारम्भिक अध्ययन के मुहूर्त और उत्सव के सम्बंध में भी सुन्दर प्रकाश डाला है। उनका बनाया हुआ रास इसी ग्रंथ के परिशिष्ट में दिया गया है इसलिए उसका उद्धरण नही दिया जा रहा है श्रीसार रचित 'जिनराजसूरि रास भी हमारे ऐतिहासिक जैन काव्य-संग्रह में छप चुका है। जैन-आगमों और व्याकरण कोश, छन्द, अलंकार, काव्य-शास्त्र का अध्ययन आपने दीक्षा के अनन्तर गुरुश्री के पास किया था। न्यायशास्त्र के भी आप बड़े विद्वान् थे। आगरे में भट्टाचार्य के पास 'चिन्तामणि' नामक नव्य-न्याय के महान् ग्रंथ का आपने अध्ययन किया था। जयकीर्ति ने लिखा है-

काव्य, तर्क, ज्योतिष गणित रे व्याकरण, छन्द, अलङ्कार।
नाटक नाममाला अधिक रे, जागइ शास्त्र-विचार ॥११॥भ०॥
तेरे वर्षे आगरइ रे, भण्यउ चितामणि तर्क।
सगली विद्या अभ्यसी रे, भट्टाचारज सम्पर्क ॥१२॥भ०॥

अर्थात् आपका विशेष अध्ययन आगरे में किसी भट्टाचार्य विद्वान से करवाया गया था। सं० १६६७ में आपकी विद्वत्ता से प्रभावित होकर अकबर-प्रतिबोधक युगप्रधान श्री जिनचन्द्रसूरिजी ने आसावली में इन्हें वाचक पद से अलंकृत किया था। सं०१६५७ मे आपकी दीक्षा हुई थी, अतः १० वर्ष तक आपने अनेक विषयों और शास्त्रो का ज्ञान प्राप्त कर लिया था। उसी समय से आप कविता भी करने लगे थे। आपकी उपलब्ध रचनाओं में संवतोल्लेख वाली सर्व प्रथम रचना गुणस्थान विचार गर्भित पार्श्वनाथ स्तवन सं० १६६५ का है। जो जैन शास्त्र के कर्म सिद्धान्त और आत्मोत्कर्ष की पद्धति के सम्बन्ध में है इससे आपका शास्त्रीय ज्ञान उस समय तक कितना बढ़ चुका था, विदित होता है।

संवतोल्लेख वाली दूसरी रचना कर्मबत्तीसी सं० १६६ में रची गई रचना-समय का निर्देश न होने पर भी आपके दीक्षा नाम राजसमुद्र के नाम-निर्देश वाली अनेकों रचनाएं प्रस्तुत ग्रंथ मे है इससे आप आचार्य पद से पूर्व भी कवि के रूप में काफी प्रसिद्ध पा चुके थे, सिद्ध है। राजस्थानी और हिंदी की फुटकर कविताओं के अतिरिक्त आपने संस्कृत मे भी उस समय कई टीकादि ग्रंथ बनाए थे। कवि श्री सार ने आपके रचित 'ठाणांग' नामक तृतीय अंगसूत्र की वृत्ति रचने का उल्लेख किया है। पर वह आज प्राप्त नही है। उल्लेख इस प्रकार है-

"श्री ठाणांग नइ वृत्ति करीनइ, विसमउ अर्थ बतायो।"

संभव है यह वृत्ति आचार्य पद से पहले ही की हो। सं० १६८१ मे श्रीसार उसका उल्लेख करते है। उससे पहले तो यह प्रसिद्ध हो चुकी थी। पंचमांग भगवती सूत्र के ९ वें शतक के ३२ वे उद्देशक का आपने संस्कृत मे विवरण लिखा था जिसकी ९ पत्रों की एक हस्तलिखित प्रति हमारे संग्रह में है। पर यह प्रति लिखते हुए छोड दी गई है इसलिए अपूर्ण रह गई है। यह विवरण आपने वाचनाचार्य पद प्राप्ति के बाद और आचार्य-पद प्राप्तिसे पूर्व लिखा है। उक्त विवरण का प्रारंभिक अंश नीचे दिया जाता है।

"श्री पार्श्वनाथ प्रणम्य नवमशतकस्य द्वात्रिंशत्तमोद्देशकस्य टीकानुसारेण वाचनाचार्य श्री राजसमुद्र गणिभिःक्रियते विवरण" इससे आपने और भी कई आगमादि ग्रंथों के विवरण लिखे थे, मालूम होता है, पर उनका प्रचार अधिक नहीं हो पाया।

बीकानेर के खरतर गच्छीय वृहद्ज्ञानभंडार के अंतर्गत महिमाभक्ति भंडार मे तर्क शास्त्र संबंधी किसी ग्रंथका विवरण राजसमुद्रजी का लिखित प्राप्त है जिसका मध्यम अंश सं०१६६३ फागुण बदि १२ को लिखा हुआ है। इससे उस समय तक आपका न्यायशास्त्र का अच्छा अभ्यास हो चुका था और संभव

है उसी सिलसिले में आपने यह महत्वपूर्ण ग्रंथ अपने अध्ययनार्थ लिखा हो। १३००० श्लोकों का यह महत्वपूर्ण तर्क शास्त्रीय सटीक ग्रंथ की प्रति अपूर्ण रूप मे मिली है। इसलिए मूल ग्रंथ का क्या नाम है और टीका कब एवं किसने बनाई, निश्चय नहीं किया जा सका। पर, इन सब बातों से यह निश्चित है कि जिनराजसूरि जी बहुत बड़े विद्वान हुए हैं।

छोटी २ राजस्थानी रचनाओं के अतिरिक्त आपने राजस्थानी काव्यों का निर्माण भी आचार्य पद प्राप्ति से पहले ही शुरू कर दिया था। जन रामायण की कथा का आपने राजस्थानी काव्य के रूप में इसी समय निर्माण किया था। उसकी एक अपूर्ण प्रति कोटा के खरतरगच्छ भंडार में प्राप्त हुई है। २८ पत्रों की यह प्रति उसी समय की लिखी हुई है, पर अंत में प्रशस्तिकी ढाल नहो है, इसलिए इसकी रचना कब एवं कहा की गई, जानने का साधन नही है।

आचार्य पद प्राप्ति के अनन्तर आपने चौबीसी, बीसी, धन्ना शालिभद्ररास, गजसुकुमाल रास आदि राजस्थानी काव्यों की रचना की, जो प्रस्तुत ग्रन्थ मे प्रकाशित हो रहे हैं। इनके अतिरिक्त कयवन्ना रास, पार्श्वनाथ गुणवेलि, प्रश्नोत्तर रत्नमालिका बालावबोध, नवतत्वटब्बार्थ, आदि आपकी और भी रचनाएं हैं। जिन्हें हम प्रयत्न करने पर भी प्रस्तुत ग्रंथ के संपादन के समय प्राप्त नही कर सके। प्रश्नोत्तर रत्नमालिका, बालावबोध और नवतत्वटब्बार्थ संस्कृत और प्राकृत रचनाओं के राजस्थानी गद्यमें लिखे गए संक्षिप्त विवरण हैं। यह विवरण किसी श्रावक या श्राविका को बोध कराने के लिए रचा गया है क्योंकि मूल ग्रंथ संस्कृत-प्राकृत में होने से उनके लिए सुबोध नहीं थे।

आचार्यश्री की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण रचना नैषधमहाकाव्य की ३६००० श्लोक परिमित वृहट्टीका है इसकी दो अपूर्ण

प्रतियाँ हरिसागरसूरि ज्ञानभंडार. लोहावट और भंडारकर ओरियन्टल-इंस्टीट्यूट, पूना मे है और एक पूर्ण प्रति जयपुर के एक जैनेतर विद्वान के संग्रह मे महोपाध्याय विनयसागर जी ने देखी थी। पर इन प्रतियों में भी अंतिम प्रशस्ति नही है। इसलिए इस टीका की एक रचना किस संवत् में कहां हुई, ज्ञात हो नही सका। इस बृहद्वृत्ति से उनका काव्यशास्त्र का निष्णात होना सिद्ध होता हैं। इस तरह जिनराजसूरि एक बहुत बड़े विद्वान और सुकवि सिद्ध होते है, जिनकी प्राप्त राजस्थानी कविताओं का संग्रह इस ग्रंथ मे प्रकाशित किया जा रहा है।

जिनराजसूरि का शालिभद्र रास तो जैन समाज में इतना अधिक प्रसिद्ध हुआ कि उसकी सैकड़ों हस्तलिखित प्रतियाँ गाँव २ और नगर २ में पाई जाती हैं। केवल हमारे संग्रह में ही उसकी २५ प्रतियां हैं। इस रासकी लोकप्रियता उसके रचे जानेके समयसेही पाई जाती है। सं० १६७८ के आश्विन बदि ६ को २९ ढालों वाला यह रास रचा गया था। सं० १६८८ की लिखी हुई प्रति के अनुसार इसकीरचना आचार्य श्री ने अपने भ्राता गेहा का अभ्यर्थना से की थी। प्रशस्ति इस प्रकार है—

बोहित्थवंशीयावतंसीयमान तिस्ममात महिमा निधान निर्विगान, यशोवितान सावधान प्रधान विद्वज्जनदर्शिताष्टावधानाधिगत चतुर्दश विद्यास्थान श्री शत्रुञ्जय तीर्थाष्टमोद्धार प्रतिष्ठा विधान लब्धमानबमन वामनधीमान मान नान जगम युगप्रधान श्रीजिनसिंहसूरिभि वि रचर्या चक्रे। साह धर्मसी धारलदेवी पुत्ररत्न शाह गेहाख्या भ्रातुरभ्यर्थनयानन्दनादाचंद्रार्कं श्रोतघ्यंत्रि सुखप्रदा सं० १६८८ वर्षे पंडित ज्ञानमूर्ति लिखित फागुण सुदि १४ दिने। शुभं भवतु श्री जालोर मध्ये।

[पत्र २४। डाह्याभाई वकील सूरत के संग्रह में]

प्रस्तुत रास की प्रशस्ति में 'श्री जिनसिंहसूरि शीश मति

सारे' शब्द आता है उससे अनेक लोगों को यह भ्रम हुआ और होता है कि इस रास के रचयिता का नाम मतिसार है। स्वर्गीय मोहनलाल देसाई ने अपने जैन गुर्जर कविओं-प्रथम भाग के पृष्ठ ५०१ में भी इसका रचयिता मतिसार[1] ही बतलाया था, यद्यपि उन्हीं के उद्धृत प्रशस्ति मे 'जिनराजसूरिभिर्चयाँचके' स्पष्ट उल्लेख था। हमने इस भूल की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया तो उन्होने जैन गुर्जर कविओं के तीसरे भागमे उसका संशोधन करके रचयिता का नाम मतिसार की जगह जिनराज सूरि रख दिया। पर आज भी कई ज्ञानभंडारो की सूचियों में भ्रमवश मतिसार नाम दिया जाता है।

थोड़े समयमें ही यह रास इतना लोकप्रिय हुआ कि सं०१६८१ में रचना के केवल २॥ वर्ष बाद ही इसकी एक सचित्र प्रति तैयार की गई जिसे बादशाही चित्रकार शालिवाहन ने चित्रित की थी। वह प्रति अभी कलकत्ता के श्री बहादुरसिंह जी सिंघी के संग्रह में है। उसके चित्र बहुत ही सुन्दर है और बहुत से पेज तो पूरे लंबे पेज में चित्रित है जिसमें कथा का भाव चित्रकार ने बडी खूबी से अंकित किया है। प्रस्तुत प्रति के कुछ पत्रों एवं चित्रों के ब्लाक इस ग्रंथ में प्रकाशित किए जा रहे है इसके लिए हम श्री नरेन्द्रसिंह जी सिंघी के आभारी हैं, प्रति की लेखन प्रशस्ति इस प्रकार है—

'इति श्री सालिभद्र महामुनि चरित्रं समाप्तं ॥ संवच्चान्द्र गजरसरसामिते द्वितीय चैत्र सुदि पंचमी तिथौ शुक्रवारे वलूलवल सकल भूपाल भाल विशाल कोटीरहीर श्री मज्जहांगीर पातिसाहिपति सलेमसाहि वर्तमान राज्ये श्रीमज्जिनशासन वन प्रमोद

१- इसी कारण जिनराजसूरि जी के दूसरे गजसुकुमाल रास को उन्होने पृष्ट ५५३में उनके नाम से अलग रूप से उल्लिखित किया था।

आनंद काव्य महोदधि मौक्तिक १ में सन् १९१३ में शालिभद्ररास प्रकाशित किया गया था। उसका रचयिता श्रीजिनसिंहसूरि शिष्य मतिसागर बतलाया गया था जो मतिसार शब्द पर ही आधारित था।

विधान पुष्करावर्त घना घन समान युगप्रधान श्री श्री श्री ४ श्री जिनराजसूरि विजयि राज्ये नागडगोत्र शृंगारहार सा० जैत्रमलत त्तनय सविनय धर्म-धुरा धारण धौ य श्री मज्जिनोक्त सम्यक्त्व मूल स्थूल द्वादश व्रतधारक श्री पंचपरमेष्टि महामंत्र स्मारक श्रीमत् साहिसभा शृंगारक सश्रीक संघमुख्य सा० नागडगोत्रीय सा० मारमल्लेन। लघुबांधव नागडगोत्रीय सा० राजपाल। विचक्षणधुरीण सा० उदयकरण जंवातृक महासिंहादि सार परिवारयुतेन लेखितं। तच्च वाच्यमानं चिरं नंदतात्। सदा। लिखितं चैतत् पं० लावण्यकीर्ति गणिना चित्रितं चित्रकारेण सालिवाहनेन ।। श्रेयः सदा।'

हमारे संग्रह में भी मथेन जयकिसन के चित्रित सं० १८२५ की प्रति है जिसमें ४७ चित्र हैं। लेखन प्रशस्ति इस प्रकार है —

अवरहि यइ उपदेश विविध पर, आप न तजत लिगार ।
मासाहस पंखी परि करतउ, किम पामिस भव पार ।।७।।सु०।।
ग्यान समुद्र मइं मगन होइ करि, लेजे अरथ विचार ।
'जिनसिंहसूरि' सीस इम बोलइ, 'राजसमुद्र' सुखकार ।।७सु०

पंचेन्द्रिय गीत

सुर नर किन्नर राय आज्ञा हो,
आज्ञा हो जेहनी मन रंगइ वहइ हो ।
बारह परषद मांहि सामी हो,
सामी हो वीर जिरोसर इम कहइ हो ।।१।।
फरस तराइ विकार रावण हो,
रावरा हो राजा दुखियउ रड़वड़इ हो ।
रसनायइ कंडरीक सातमी हो,
सामी नरकइ ततखिरा जे पड़इ हो ।।२।।
मंत्री जेम सुबंधत घ्राराइ हो,
घ्राराइ इण भव ना सुख सउ गमइ हो ।
दृष्टि तणइ विकार रूपी हो,
रूपि तिम वली लखमरा भव भमइ हो ।।३।।

सज्यापालक जेम तरुयउ हो,
तरुयउ अति तातउ श्रवणे सहइ हो
इणि परि इण जगि मांहि प्राणी हो,
प्राणी बहुला इण वसि दुख लहइ हो ॥४॥
रमणी रंग पतंग तिण सुं,हो तिणसुं राग रिती कबइ मत धरइ हो।
इणि रंग राता जेह मुगधा हो,·
मुगधा पाप तणउ अपणउ भरइ हो ॥५॥
फल किंपाक समान देखतां हो,
देखतां सहु जन नइ सुख संपजइ हो ।
कडूआ एह विपाक जाणइ हो,
जाणइ जब नाना विध दुख भजइ हो ॥६॥
ताथइ विषय विकार मूकउ हो,
मूकउ जेम मुगति रमणी वरइ हो ।
इम मुनि 'राजसमुद्र' मन मइ हो,
मन मइ एह भाव नित नित करइ हो ॥७॥

निन्दा वारक गीत

राग—धन्यासी

सुणहु हमारी सीख सयाणे, जणि कहु दोष विराणे रे ।
निंदक नर चण्डाल समाणे,
आगम मांझि कहाणे रे ॥सु०॥१॥
निंदक सोह न पावइ जगमें, काच सकल ज्युं नगमइं रे ।
निंदक ठावउ गिणीयइ ठगमइ,
जइसइ काग विहग मइं रे॥सु०॥२॥

तात विराणी करइ गहेलउ, जाणइ नांहि महेलउ रे ।
सालइ कुवचन खरउ दुहेलउ,
ज्युं आंगुरी इत हेलउ रे ॥सु०॥३॥
रजक विचारउ पर मल धोवइ, सो भी लाहउ जोवइ रे ।
विण स्वारथ निंदक मल धोवइ,
आपहि आप विगोवइ रे ॥सु०॥४॥
जिण विण निरदूषण नहि कोइ, तउ भी कहणा जोई रे ।
झूठ गुमान कीयइ क्या होई, पछतावइगा सोई रे ॥सु०॥५॥
पर के वयण सुणी न पतीजइ, सो नर चतुर कहीजइ रे ।
जउ अपणे नयणे देखीजइ,
तउहु विचार करीजइ रे ॥सु०॥६॥
अपणी करणी पार उतरणी, पर की तात न करणी रे ।
'राजसमुद्र' पभणइ मन हरणी,
ज्युं पावउ शिव घरणी रे ॥सु०॥७॥

आत्म शिक्षा (विणजारा) गीत

विणजारा रे वालंभ सुणि इक मोरी बात,
तूं परदेशी पाहुणउ वि० ।
विणजारा रे मकरि तूं गृहवास,
आज काल मइं चालणउ वि० ॥१॥
वि० रसिक न कीजइ मीत, वात न पूछइ विरह री वि० ।
वि० चउरासी लख नारि, तइ परणी तइ परिहरी वि०॥२॥
वि० जण जण सेती प्रीति, करि पीछइ पचताईयइ वि० ।
वि० जाकउ अविहड़ नेह, ताहीस्युं चित लाईयइ वि० ॥३॥

वि० आइ जुडइ जब साथ, तब तउ तूं न सकइ रही वि० ।
वि० अइसउ मंत न तंत, राखुं हूं अछर गही वि० ॥४॥
वि० भरि भरि नयण म रोय, करि कायर काठउ हीयउ वि० ।
वि० मो गल नवसर हार, मो साथइ संबल लीयउ वि० ॥५॥
वि० जे वउलाऊ साथि, तासुं म करे रूसणउ वि० ।
वि० दूजण न हसइ कोइ, काज न विणसइ आपणउ वि०॥६॥
वि० लाखीणउ दिन जाइ, चेतन तूं चेतइ नही वि० ।
वि० 'राजसमुद्र' इम सीख, अपणइ आतम कुं कही वि०।८।

आत्म शिक्षा गीत

राग—गउड़ी

इक काया अरु कामिनी परदेसी रे,
अंत न अपणी होइ मीत परदेसी रे ।
संग न काहू कइ चलइ परदेसी रे, आप विमासी जोइ मी० ॥१
तास भरोसउ क्या करइ प० ने विछुरइ उखार[१] मी० ।
अइसउ साजण ढूंढिलइ प० जे पहुंचावइ पार मी० ॥२॥
आगइ सेज न पाथरी प० ले किछु संबल साथि मी० ।
पीछइ पछतावइ कीयइ प० आथि न आवइ हाथि मी० ॥३॥
घर बइठां दिन वहि गए प० केस भए सब सेत मी० ।
अजहु कछु विगरयउ नहीं प० चेत सकइ तउ चेत मी० ॥४॥
अपणउ अपणउ क्या करइ प० अंतर करहु विचार मी० ।
'राजसमुद्र' कहइ देखि लइ प० स्वारथ कउ संसार मी०।५।

१- जे हुवइ जावणहार

आत्म शिक्षा गीत

राग—सारग

जीवन मेरे यहु तेरउ कउण विसेस ।
साधु कहात करत धन आशा,
ता तइ हो फिरत विदेस ॥१॥ज०॥
पेम कइ फंद परत जण जण मु, ता विण धरत अंदेस ।
देखि पर रमणि नयनो नचावत, अरु पठवत संदेस ॥२जी०
कूप परत कर दीप लई जो, तिण सु का उपदेस ।
'राजसमुद्र' भणि लहि परमारथ,सफल करउ इहु भेस ॥३जी०

सीखामण गीत

राग—केदारा गउड़ी.

घर छोडि परदेस भमइ, मेलिवा बहु परि आथ ।
परलोक जातां जीवनइ कांई, नावइ रे ते पिण साथ ॥१॥
जीवन लाल सुगु इक मेरे सीख ।
जेहवी मीठी रे सरस रस ईख ॥जी०॥आंकणी॥
करि कूड परिजन पोषीयइ, ते सहु रंग पतंग ।
वोलाइ मरहट थी वलइ, कोइ नावइ रे ताहरइ संग ॥२जा०
गोरडी प्रमुख मिली रडइ, स्वारथ पुकारइ ताम ।
पुण एम मनहि न चीतवइ,
पियुडइ पामइ रे किण गति ठाम ॥३॥जी०॥
वड़ बड़ा नरवर इम चाल्या, तूं करइ कवण आलोच ।
जिए वाय ऊडइ हाथिया, तिहां केही रे पूणी नी सोच ॥४जी०

इक चलइ आवइ एकलउ, भव रुलइ एक अनेक ।
आपणे कीधे करमड़े, जीव पावइ रे सुख दुख एक ॥५जी०॥
संसार सहु ए कारिमउ, कारिमउ ए परिवार ।
राय कुमर कोरव सउ पड्या,
ते गिणिया रे गान गंधार ॥६॥जी०॥
इम जाणि जिन ध्रम कीजियइ, जिम पामियइ भव पार ।
'राजसमुद्र' सीखामण दीयइ,
जीव चेतउ होयड़ा मझारि ॥७॥जी०॥

जकड़ी गीत

राग—वेलाउल.

मेरउ नाह निहेजउ, अब मइ जाण्यउ री सहेली ।
अंतरगति न कही काहू सुं, आप विदेस चले जउ ॥१॥मे०॥
विछुरत पीर न होत विरह की, निस दिन रहत सतेजउ ।
मग जोवत कबहुं न पठायउ, काम दहूं कउरेजउ ॥२मे०॥
'अलख सरूपी कुं संदेसउ, तुम भी हिलि मिलि भेजउ ।
'राज' वदति फिरि जाब न पाउं,
करिहुं कठिन करेजउ ॥३॥मे०॥

आत्म-प्रबोध जकड़ी गीत

राग—सारंग मल्हार

हमारइ माई कंत दिसावर कीनउ ।
आयइ जोर हुकम सांई कइ,
पल भरि रहण न दीनउ ॥हम०॥१॥
आब कहा दरगाह करइगउ, चलिहइ खाइ खजीनउ ।

दि.गु छिरगु घटत अवधि बूझी नहीं,

प्रेम सुधारस भीनउ ॥हमा०॥२॥

दुनिया देखि चिहुरवाजी सी, तउ भी प्रिउ न पतीनउ।

श्री 'जिनराज' वदन अउ चित मइ,

संबल साथ न लीनउ ॥हमा०॥३॥

आत्म प्रीतम गीत

यब तुम्ह ल्यावउ माई री तुम्ह ल्याउ,

मेरो नाह मनाइ कइ ल्याउ।

दउरि दउरि तुम्ह पाइ परत हु,

मइं हठ छारथउ री प्रेम बणाइ ॥१॥

देखउ तउ उण की चतुराई, छार चलत हइ नेह लगाई।

कहा करूं पीहर मइ बइठी, अइसइ री मो दिन जाइ ॥२॥

जउ नायउ तउ मौन पकरि करि, संगि चलूगी गौत गवाई।

'गजसूरि' भणि अलख सरूपी,

आवइ जावइ री आप सभाई ॥३॥

आत्मा-देह सम्बन्ध

राग—गउड़ी—केदारउ, विहागड़ो.

विदेशी मेरे आइ रहे घर[१] मांहि।

ना जाणु कब गवण करइंगे[२],

मोहि भरोसउ नांहि ॥वि०॥१॥

मोपइ मोहन मंत्र नही किछु, राखु पकरि करि[३] बांहि।

१- गृह २- करेसी ३- गहि

दिन दोउ रहत वचन के अटके, अंत विराणे जांहि ।।वि० १।।
विणजारइ ज्युं छोरि चलइगे, जरती छारि[1] क माहि ।
'राजसमुद्र' भणि रसिक शिरोमणि,
इक थानक [2] न खटांहि ।।वि०।।३।।

परमारथ पिछानो

राग—जइतसिरी

तूं भ्रम भूलउ रे आतम हित न करइ,
आपणपउ नायउ नजरइ ।।१।।
पइठउ श्वान काच कइ मंदिर,
मूरखि भुसिहि भुसि मरइ ।।२।।तू०।।
अतुलो बल केहरि जल पूरित,
कूया भीतरि कूद परइ ।।३।।तू०।।
दर्प्पण कइ परसरि आयइ थइ,
तुमचर कइसी भांति लरइ ।।४।।तू०।।
भीति फटिक को देखि दूरि थइ,
परिणत मइगल आइ अरइ ।।५।।तू०।।
परमारथ तउलुं न पछानइ तउलुं 'राज' न काज सरइ ।।६

'जागउ' प्रेरणा

राग—धन्याश्री

सोवन को वरीयां नाही बे, जागउ आपणइ घर मांहि बे ।।१।।
हेरू न विछांणा साही बे, आयउ अब[3] धवलउ धांही बे ।।२।।

१- माहि जगाहि, पिछाहि २- ठौर - ३धुरी

छोरउ धणकइ गल बांही बे,
योवन धन धन लूटयउ काहीं बे ॥३॥
वाहर चाढंउ शुभ लांही, बे, न घिरइ धन जाही तांही बे ।४।
जागउ'जिनराज'मसांही बे,आयउ सिरि सूर सव्वांही बे ॥५॥

जीव शिक्षा

राग—गूजरी

मेरउ जीव परभव थइ न डरइ ।
विथा करम बांधति बडूआ[1] जिम,
मुह मइ किछु न परइ ॥१॥मे०॥
दउरीं दउरी अउरन को अउरति, देखण चाह धरइ ।
नवला नेह करि फिरि पचतावत,
जब लालन विछुरइ ॥२॥मे०॥
मइ क्या सीख दिउ नयनन कुं, जउ मन मउज करइ ।
वखत लिखि 'जिनराज'[2] तखत तइ,
टारत ही न टरइ ॥३॥मे०॥

परदेसी गीत

राग—धन्यासी

परदेसी मीत न करीयइ री,
करीयइ तउ विरह न करीयइ री ॥१॥प०॥

१- बटुआ २- मुनिराज

उवे उठि चलइ भर दरीयइ री,
कइसइ करि बांह पकरीयइ री ।।२।।प०।।
जउ पइ अंचुर गहि लरीयइ री,
तउ चिहुं मइ लाजुं मरीयइ री ।।३।।प०।।
काहू कउ चीत न हरीयइ री,
तउ काहइ परवसि परीयइ री ।।४।।प०।।
'जिनराज' वचन चित धरीयइ री,
तउ प्रेम कइ पंथ न खरीयइ री ।।५।।प०।।

आत्म शिक्षा

भ्रम भूलउ ता बहुतेरउ रे,
न कीयउ जां मेरउ मेरउ रे ।।भ्र०।।१।।
ज्ञानी गुरु ज्ञान बतावइ रे, मेरउ मेरउ मोहि भावइ रे ।।२भ्र०
करि प्राणी दूध नवरेउ रे, मेरउ होइ इह क्युं तेरउ रे ।।भ्र०३
मेरउ मेरउ जउ कहिहु रे, हेलइ भवसायर तरिहु रे।।भ्र०४
मेरउ छड धरम सखाई रे, सो करि 'जिनराज' सदाई रे।।भ्र०५

परमार्थ-साधन जकड़ीं गीत

राग—गोड़ी

रे जीउ आपणपउ अब सोच ।
क्या खायउ अरु क्या जु कमायउ,
करि किछु इहु आलोच ।।१।।मे०।।
योवन मद मातइ तइ कीने, कुण कुण करम असोच ।
कपटी सुकृत करण की वरीयां, आण्यउ मन संकोच ।।मे०२।।

वारउ विषय वरग परि दउरत, मन बलवंत बलोच ।
परमारथ 'जिनराज' पिछाण्यउ[1],
क्या साध्यउ करि लोच ॥मे०॥३॥

किणहू पीर न जाणी

पिउ कइ गवरिण खरी अकुलाणी ।
मिलण सहल पुनि मिलि करि विछुरण,
अयन जहर नीसाणी ॥१॥
सुधि बुधि सकल गई प्यारी की, धरणि ढरत मुरझाणी ।
सबही सइ चउ लइत छुट्टइ थइ, अइसी भईय विराणी ॥२॥
भउरहि सांग वणाइ विदा दी, जल बल छारि कहाणी ।
श्री 'जिनराज' वदत विरहणि की,
किणहू पीर न जाणी ॥३॥पि०॥

पिउ-पाहुणो

राग—धन्यासी (वेलाउल)

जब जाण्यउ पीउ पाहुणउ, तब तइसइ रहीयइ ।
विण चित सु चित लायकइ, कब लग दुख सहीयइ ॥१॥
समझायउ समझइ नहीं, कहा फइटउ गहीयउ ।
आपणउ राख्यउ ना रहइ, हल देवल,[2] कहीयइ ॥२॥ज०॥
प्रेम वणाइ पतंग सउ, उवा कइ संग न वहीयइ[3] ।
नयन नीर डारउ कहा, रोयां 'राज' ना लहीयइ ॥३॥ज०॥

१- न जाण्यउ २- दे चल ३- चाहियइ

आत्म प्रबोध तेरा कौन ?

राग – केदारउ

जीउ रे चाल्यउ जात जहान ।
धोख मारम परयो निवहइ, बाल विरध युवान ॥१॥
कउण परि भंडार भरि हइ,अंत वासउ रान ।
छूटि इक अपणी कमाई, संग न आवइ आन ॥२॥
ग्रन्थ पढि पढि जनम वउरयउ, मिटयउ तउ न अज्ञान ।
तूं न का कउ न 'कउन तेरउ', समझि 'जिनराजान' ॥३॥

स्पर्धा

कहा कोउ होर करउ काहू की ।
पीतर कनक होवत कबहू, देख्यउ निसि दिन फूंकी ॥१॥
केकेइ दसरथ कइ आगइ, बहुत भांति करि कूकी ।
राजा 'राम' भयउ उन आपणइ,
कुल की कार न मूकी ॥२॥क०॥
न टरत वखत लिखत जु छठीकउ, याही मइ सब छूकी ।
इण वचने 'जिनराज' पलक मइं, सारी खलक रजू की ॥३क

जकड़ी गीत देह चेतन-वृत्ति

राग—जइतसिरी, धन्याश्री मिश्र

लालण मोरा हो, जीवन मोरा हो अब कित मौन गही,
मइ तेरइ पग की पनही ॥१॥
कोड़ि विलास किए तइ हिल मिलि,
क्या चित तइ उतरी अबही ॥२॥ला०॥

जउ तुम्ह अउर ठउर चित दीनउ,
तउ मोकु तजि करि गुनही ।।३।।ला०।।
छारि चलत हमरे विललाते,
किणहू अंतरि गति न लही ।।४।।ला०।।
श्री 'जिनराज' वदत मुकुलीणी,
संग चली पीहर न रही ।।५।।ला०।।

पंचरंग कांचुरी देह, आत्मा संयोग, पंच तत्व की देह

राग—सारग

पचरंग कांचुरी रे बदग्ग तीजइ धोइ ।
बहुत जतन करि राखीयइ, अंत पुराणी होइ ।।पं०।।१।।
सीवणहारउ डोकरउ रे, पहिरण हार युवान ।
चउथउ धोब खमइ नही हो,
मत कोउ करउ रे गुमान ।।पं०।।२।।
कारी का लागइ नही रे, खाचि न पहिरी जाइ ।
बुगचइ बांधो ना रहइ रे इण कउ एह सभाइ ।।प०।।४।।
जब लगि इहु सयोग हइ हो, तब लगि हरि गुण गाइ ।
लघु दामी सद्गुरु कहइ हो, वेर वेर समझाइ ।।पं०।।४।।

जाति-स्वभाव अज्ञानी शिक्षा

कहा अग्यानी जीउ कुं गुरु ज्ञान वतावइ ।
कबहुं विष विषधर तजइ, कहा दूध पिलावइ ।।क०।।१।।
ऊषर ईख न नीपजइ, कोऊ बोवन जावइ ।
रासभ छार न छारि हइ, कहा गंग न्हवावइ ।।२।।क०।।
काली ऊन कुमाणसां, रंग दूजउ नावइ ।

श्री 'जिनराज' कोऊ कहा, काकउ सहज मिटावइ ।।३।।क०।।

परमार्थ अक्षर

राग - धन्यासी

तुम्ह पइ हइ ग्यानी कउ दावउ ।
पढि पढि ग्रन्थ कहा तत पायउ, सो मोकु समझावउ।।तु० २।।
अच्छर बहुत सुण्या होइ झगरउ, सो जन मोइ सुणावउ ।
एक अच्छर मइ हइ परमारथ, अपढथउ सोइ पढावउ ।।तु० २
साथ रहत हइ नाथ निरंजण, करि अंजण दिखलावउ ।
श्री 'जिनराज' तिहारउ चेरउ, आपो आप मिलावउ ।।तु० ३

अकड़ी गीत, वहां की खबर

राग – सामेरी

मेरे मोहन अब कुण पुरी वसाई ।
निसि दिन मग जोवत सु सनेही,
पतिआं क्युं न पठाई ।।१।।म०।।
विछुरण की वरीया चितवत हो, आवत नयण भराई ।
हइ कोऊ अइसइ हितू हमारउ, जो ल्यावइ बहुराई ।।२।।मे०
किण ही खबर न दइ उहां की, अब हइ कउण सखाई ।
श्री 'जिनराज' वदत इक अपणी, आवत साथ कमाई ।।३मे०

परदेशी प्रीति

राग—आसा

कबहुं न करि री माई मीत विदेसी ।
जउ पइ कोरि जतन करि राखुं, तउ भी अंत चलेसी ।।१।।
भमत भमत आयउ अब या घरि, दिन दस वीस रहेसी ।

या मइ हुकम भयउ साहिब कउ,तउ पलभर रहण न देसी ।२।
प्राणनाथ विछुरण की वेदन, निसि दिन कउण सहेसी ।
श्री 'जिनराज' नवल नवरंगो, बहुरि न खबरि गहेसी ।।३।।

पश्चाताप

राग—नटनारायण

आली प्रीउ की पतयां हम न वची ।
कागद पर आखर हइ मसि के,
नीर झरत दोउ दृग हमची।।आ०।।१।।
फेरि जबाब न कोऊ लिखाउ, पाछी दे घालउ खरची ।
ऊपरि अउधि जाण लागे दिन,
मग जोवत जोवत विरची ।।आ०।।२।।
होवत प्राण तई निकसन कुं, अब लगि क्युं ही क्युंहि वची ।
'राज' वदत विरहणि विरहातुर,
प्रीतम मिलिवा कुं ललची।।आ०।।१।।

सांइ नाम संभारो 'भव-भ्रमण'

राग—नट

आली मत आपउ परवसि पारइ ।
का कउ प्रिउ अर का की कामिणि,
हइ सब स्वारथ कइ सारइ ।।१।।आ०।।
पीउ पीउ करत कहा पीउ पईयइ, काहइ कुं धीरज हारइ ।
टरत न वखत लिखत इक रंचक,
झुरि झुरि दृग जल जण डारइ ।।२आ०।।

भव मइ भमत किते पीउ कीने,सो पीउ जो दुरगति टारइ ।
'राज' चतुर वनिता सांइ कउ,
नाम अहोनिसि संभारइ ।।३।।आ०।।

आत्म प्रबोध

हिलि मिलि साहिब कउ जस वाचउ ।
हुइ कछु पइ मज हथ इजाजित,
जागि बूझि जिन राचउ ।।हि०।।१।।
देखउ आइ वूढापइ दीनउ, गिरि परि सेत सराचउ ।
अब इत उत भटकत मन मरकट,
बहुत करत हइ काचउ ।।हि०।।२।।
आखरि आइ लगइ गउ इक दिन, जम कउ जोर तमाचउ ।
उण वरीयां तुम्ह याद करउ के,
'राज' रहत सोउ साचउ ।।हि०।।३।।

झूठी दिलासा

वउरे मास वरस हुं वउरे, मग जोवत दिन रइणि विहाई ।
विरहणि कब लगि धीरज धरिहइ,
पीउ की खबर न कोइ द्यइ आई ।।१।।व०।।
खरची की तउ बात सहल हइ,कागद तभी लिखि कइ न पठाई ।
झूठइ ही मन नइकु दिलासा, कबहू काहू सुं न कहाई ।।२व०
ठउरि ठउरि अइसी ही करिहइ,दिन दस वीस रहो उठि जाइ।।
श्री 'जिनराज' नवल नागर सुं,
आली मेरउ किछु न वसाइ ।।३।।व०।।

आत्म प्रबोध, सुख-दुख

राग – कान्हरउ

रे जीउ काहइ कु पचतावइ।
हइ किछु घाट कमाई तेरी, तउ अइसे फल पावइ ॥रे०॥१॥
छारि गुमान कही काहू कइ, आगइ दांत दिखावइ ।
वखत लिखित आवत हइ मुख दुख,रहि नइ अपणइ दावइ।२रे०
बोवइ पेड आक कइ आंगणि, आंब कहां सु खावइ ।
परम पुरुष संपद अरु आपद, 'राज' रहत सम भावइ ।।रे०३

मन शिक्षा, माया जाल, घड़ी में घड़ियाल

राग – केदारउ

मन रे तू छारि माया जाल ।
भमर उडि बग आइ बइठे, जरा के रखवाल ।।१।।म०।।
बाल बांधि सिला सिर परि वचइ कित इकु काल ।
चेत चेतन त्राजि जइहइ, घरी मइ घरिआल ।।२।।म०।।
मात तातरु भ्रात भामणि, लाख के लेवाल ।
'राज' संग न चलइ वह भी, सामि नाम संभाल ।।३।।म०।।

अस्थिर जग, श्वास का विश्वास ?

राग—केदारउ

कइसउ सास कउ वेसास ।
कुस अणी परि ओस कण की, होत कितक रहास ।।क०।।१।।
जाजरी सी घरी वाकइ, वीचि छिद्र पंचास ।
तिहां जीवन राखिवइ की, कउण करिहइ आस ।।क०।।२।।
रयण दिन ऊसास कइ मिसि, करत गवण अभ्यास ।

जग अथिर 'जिनराज' तामइ, लेहु थिर जस वास ।।क०।।३।।

कोई जामिन नहीं, दस दिन पहिले पीछे

राग-गौडी

रे जीव काहइ करत गुमान ।
कुण कुण काल कवल से करिहइ,तूं मूरिख किसि गान ।।रे०१
इकु पल भर राखण कुं विचमइ, होत न कोउ जमान ।
को दिन दस आगइ कोउ पीछइ,अंत सबइ समसान ।।रे०२।।
देखत पलक[1] नीर नव नेजा, जाइ चढत असमान ।
श्री 'जिनराज' सखाइ मिलिहइ,होत सबइ आसान ।।रे०।।३।।

कामिन गीतम् मदन का तौर

राग-धन्यासी

अब हइ मदन नृपति कउ जोरो ।
आपणे आयुध सजि करि रहोयउ,
जरिण कोउ करउ नीहोरउ ।।१।।
जाइ मिले सो भी पचताणे, तउ काहे पग छोरउ ।
जो पग मडि रहित तिण आगइ,भागउ जाइ भगोरउ ।।२अ०
झूठउ साचउ देखि दिवाजउ, भूल रहत मन भोरउ ।
इण आगइ 'जिनराज' अखंडित,राख्यउ अपणउ तोरउ ।।२अ०

भ्रम-भ्रमण, भ्रम में भूला

राग-तोड़ी

अपनउ रूप न आप लहइ री ।
मोहि मिलिन कन्नि न सकइ केवल,
एक अनेक सभाउ वहइ री ।।१।।

१- खतक

फइल रहयउ घट मइ न छुहइ घट,
को काहू कउ गुन न गहइ री
हुं अब भारी हुं अब दुबलउ, भ्रम भूलउ सब कोइ कहइ री ॥२
ज्ञानी ज्ञान दोइ करि जानइ, क्यूं चेतन लक्षन निवहइ री।
परम भाव 'जिनराज' पिछानइ,
तउ काहू की हाजति न रहइ री ॥३॥

धर्म मर्म परम पुरुष कुण पावत ?

राग तोडी.

कउण धरम कउ मरम लहइ री ।
मीन कमठ गंगाजल झीलत,
खर नितु अंग बभूति वहइ री ॥१॥कउ०॥
मृग बनवास वसत निसि वासर, भूख तृषा तप सीत सहइ री ।
मौन लीयइ बग इत उत डोलत,
राम नाम मुख कीर कहइ री ॥२॥कउ०॥
मुंड मुंडावत सबही गर्डरिया, पवन अभ्यासी भुयग रहइ री ।
'राजसमुद्र' भणि भाव भगति विणु,
परम पुरुष कुण पावत हइ री ॥३॥कउ०॥

काल का हेरा तेरा क्यों कर होगा ? कितने ही आगये ?
ममता निवारण

राग–कनडउ

रे मन मूढ म कहि गृह मेरउ ।
आए किते किते आवइगे, क्युं करि हवइ गउ तेरउ ॥रे०॥१
हइ तेरइ पीछइ छाया छल, काल पिशुन कउ हेरउ ।

आगेवाण जरा आए थइ,चिहुं दिसि होइ गउ घेरउ ।।रे०।।२।।
उण वरीयां निकस चेतन तूं सोचइ गउ बहु तेरउ ।
साचउ इक 'जिनराज' पिछान्यउ,
काल[1] पिशुन कउ हेरउ रे ।।३।।

संबल साथ में ले नहीं सका, परदेसी किसके वश ?

जकड़ी गीत

उण मीत परदेसी विना मोहि, अउर किछु न सुहाइ ।
विरहन की वेदना भई, सा मइ कहीय न जाउ ।।१।।
मेरी बहिनी प्रीतम लेहु मनाइ, प्रीति की रीति बणाइ ।
बांह पकरि समझाइ ।।आंकणी।।
चिहुं साखि मात पिता दई, ऊग की न पूछी जाति ।
दिन आठ दस घर मइ रहयउ,चलत न बूझी वात ।।२।।मे०।।
प्रेम विलूधउ प्राणियउ, कोऊ नेह न धरइ जोइ ।
पीछइ पछतावइ परइ, विछुरण अइसउ होइ ।।३।।मे०।।
मोहनी मोपइ किछु नही, लालन रहइ लपटाइ ।
अइसउ सुगुरु को नां मिल्यउ, जो ल्यावइ बहुराइ ।।४।।मे०।।
बे गुनही अबला तजी, प्रीउ चले काहि रिसाइ ।
अपराध जउ को मइ कीयउ, दीजइ सोउ बताइ ।।५।।मे०।।
इक पल संगन छोरतउ, अब बीचि दीए पहार ।
जा विणु घड़ी न जावती, ता विणु जाइ जमार ।।६।।मे०।।
वेखता मुझ इतनी परी, संबल न लीधउ साथ ।
मनरंग 'राजसमुद्र' कहइ,परदेसी किण हाथ ।।७।।मे०।।

---

१ वाट बीचिकउ डेरउ

आतम काया गीत

राग—धन्यासिरी.

सुणि बहिनी प्रिउड़उ परदेसी, आज कि कालि चलेसी रे।
काहि कुण माहरी सार करेसी,
छिन छिन विरह दहेसी रे॥मु०॥१॥
प्रेम विलूधउ अरु मद मातउ, काल न जाण्यउ जातउ रे।
अच चित आंणउ आय उतालउ,
रहि न सकइ रस रातउ रे॥२॥सु०॥
वाट विषम कोउ संगि न आवइ, प्रीउ एकेलउ जावइ रे।
विणु स्वारथ कहि कुण पहुचावइ,
आप कीए फल पावइ रे ॥३॥मु०॥
भमिसइ पुरि पुरि माहि एकेलउ,जिम गलीयां मइ गहलउ रे
ना जाणु कित जाइ रहेलउ,
बिछुरयां मिलण दुहेलउ रे ॥४॥सु॥
पोतइ सबल साथि न लीधउ, बीजइ किणही न दीधउ रे।
मूल गमाइ चल्यउ अब सीधउ,
एको काम न कीधउ रे ॥सु०॥५॥
प्रीतम विण हूं भइ रे विराणी,किण ही मनि न सुहाणी रे।
पीहर का मइं प्रीति पिछाणी,
जल बल छारि कहाणी रे॥सु०॥६॥
बहिरागी अंतर वइरागी, प्रीति सुणति नवि जागी रे।
'राजसमुद्र' भणि सो बड़भागी,नारी विणु सोभागी रे ॥सु०७॥

देह गर्व परिहार, आखिर छार है

राग—धन्यासी.

इया देही कउ गरब न कीजइ ।
देखत खलक पलक मइं पलटै, इया परि चतुर न धीजइ ।।१।।
जोवन वसि दिन दसि झूठी सी, हइ छबि छिन छिन छीजइ।
इया मइ शुचि लव लेश न पइयइ, ज्ञान दृष्टि जब दीजइ ।२।
दाही किण हुं जलाई किण हुं, आखर छारि चलीजइ ।
हुइ आवइ 'जिनराज' भलाई, तउ करि जउलूं जीजइ ।।३।।

आत्म प्रबोध, कौन तेरा?

राग – केदारा.

तूं तउ धरउ आज अयान ।
ग्रन्थ पढि पढि जनम वउरयउ, मिटयउ तउ न अज्ञान ।।१।।
छूटि इक अपणी कमाई, संग न चलइ आन ।
तउ कहा भडार भरहइ, अयन कुगति निदान ।।२।।
वांट लइत न कोउ वेदन, मिल्यो कूं यन जहान ।
कउन काकउ कउन तेरउ, समझि 'जिनराजान' ।।३।।

शील बत्तीसी

सील रतन जतने करि राखउ, वरजउ विषय विकार जी।
सीलवंत अविचल पद पामइ, विषई रुलइ संसार जी ।।१।।
सीलवंत जगि मइ सलहीजइ, सीधइ वंछित कोडि जी ।
सुर नर किन्नर असुर विद्याधर,
प्रणमइ बेकर जोड़ि जी ।।२।।सी०।।
कडुवा विषय विषम विष सरिखा, जे सेवइ नर नारि जी ।

ते भव भव दुरगति दुख पामइ,
न लहइ सोभ लिगार जी ॥३॥सी०॥
एक वार नर नारी संगइ, जीव मरइ नव लाख जी।
एकइ भागइ पांचइ भागा, द्यइ सज्जंभव साख जी ॥४सी०॥
करम वसइ रमणी देखी नइ, जे चूकइ गुणवंत जी।
तनु मन वचन वली वसि आणइ,
ते पिण साधु महंत जी ॥५॥सी०॥
आठ रमणि रूपइ रंभा सम, कनक निनाणु कोड़ि जी।
छोड़ी जंबू चरण करण धर,
कवण करइ तसु होड़ि जी ॥६॥सी०॥
कुलवालूयउ तप जप करतउ, रहतउ ते वनवास जी।
काणिक गणिका संग विजूयउ, पामइ नरकावास जी ॥७सी०॥
चेलणा वचन संभाली निसभर, श्रेणिक पड़यउ संदेह जी।
सतिय सिरोमणि वीर वखाणी,
सिव सुख पामइ तेह जी ॥८॥सी०॥
सुकमालिका नदी माहि नांख्यउ, भूपति निज भरतार जी।
कुबज पुरष साथइ हतीयारी, दुखणी रुलइ संसार जी ॥९सी०
श्री रहिनेमि नेमि जिन बंधव, राजमती तसु देखि जी।
चूकउ पिण व्रत भंग न कीधउ, राखी राजुल रेख जी ॥१०सी०
अभया राणी दूषण दाख्यउ, क्षेत्रइ न खल्यउ जेह जी।
सूली फीटी थयउ सिंहासण सेठ सुदरसण तेह जी ॥११सी०॥
लंकापति विद्या अतुली वल सुरपति पदवी सार जी।
तसु मस्तक रड़वड़िया धरती,
विरुया विषय विकार जी ॥१२॥सी०॥

चालणीइ जल काढि सुभद्रा चंपा बार उघाड़ि जी ।
सील प्रभावे महिमा वाधी,
नाख्यउ आल उपाड़ि जी ॥१३॥सी०॥
हंसी वायस जोड़ि दिखावइ, जाणी इण मुझ वात जी ।
मयण वसइ चुलणी मातायइ,
चितीयओ सुत घात जी ॥१४॥सी०॥
भरतहरी काउसग्ग वन मांहे, जपइ पिंगला नाम जी ।
डीबी मिसि गोरख समझावइ,
जोवउ विषय विराम जी ॥१५॥सी०॥
कलि कारग सहु कोई जाणइ, विरति नही पचखाण जी ।
तिण भवि शिव गामी ते नारद,
जोवउ सील प्रमाण जी ॥सी०॥१६॥
जिनरक्षित सायर विचि वहतउ, रयणा रूपइ भूल जी ।
खंडो खंड करी वलि दीधुं, पड़तां मांडि त्रिशूल जी ॥१७सी०
जनक सुता वन मांहि इकेली, मूकावइ श्री राम जी ।
पावक गंगाजल सम कीधउ,
राख्यउ अविचल नाम जी ॥सी०॥१८॥
सील सनाह मंत्रीसर रूपइ, भूली रूपणि नारि जी ।
चक्षु कुसील पणइ दुख लाधा, नरय निगोद मझारि जी ॥१९सी
नल राजा देखी दमयंती पूरब भोग संभारि जी ।
जिम मन डोल्यउ तिम वलि वाली,
पामइ सुख अपार जी ॥सी०॥२०॥
पूरव परिचित वेश्या नइ घरि, थूलभद्र रह्या चउमासि जी ।

ब्रह्मचारि चूडामणि मुनिवर,
न पड़यउ नारि पासि जी ।।सी०।।२१।।
वलकलचीरि वसइ वन माहे, फल फूले आहार जी ।
ते पिण गणिका केड़इ धावइ,
आवइ नयरि मझारि जी ।।२२।।सी०।।
सीलवती भूपति मंत्रीसर, नगर सेठ कोटवाल जी ।
च्यारे पेटी माहे राख्या, पाल्यउ सील रसाल जी ।।२३सी०।।
बार हजार वरस छट्ठ कीधा, वेयावच्च प्रधान जी ।
नंदिषेण संजम फल हारयउ,कीधउ नारि निदान जी।।२४सी
भिडतउ भीम असुर मुं भूखउ, आवइ माता पास जी ।
सील प्रभावइ कुंता वचने, कादम अमृत ग्रास जी।।२५सी०
केस फरसि नीयाणउ कीधउ, पाली व्रत चिर काल जी ।
ते संभूति बारमउ चक्रवर्ति,जाइ सत्तम पाताल जी ।।२६सी०
वेश्या संग तजी व्रत आदरि, नाचत चतुर सुजाण जी ।
ते आषाढभूति संवेगी, पामइ केवल ज्ञान जी ।।२७।।सी०।।
अरध मंडित निज नारी छंडी, साधु भगति परिणाम जी ।
ते भवदेव नागिला वचने,आवइ ठामो ठाम जी ।।२८सी०।।
पटराणी वचने नवि खलियउ, राजा नयन निहाल जी ।
ततखिण वंकचूल नइ आपइ,
राज काज संभालि जी ।।२९।।सी०।।
आद्रकुमार रहयउ गृहवासइ, छंडी व्रत नउ भार जी ।
जीरण तृण जिम तेहिज परिहरि,
लाधउ भवनउ पार जी ।।३०।।सी०।।

इम जाणी नइ साधु साधवी, श्रावक श्राविका जेह जी ।
निर्मल व्रत पालइ मन सूधइ,
सिव सुख पामइ तेह जी ॥३१॥सी०॥
युगप्रधान जिनचंद्र यतीसर, तासु पाट गणधार जी ।
'जिनसिंहसूरि' सीस इम पभणइ,
'राजसमुद्र' सुविचार जी ॥३२॥सी०॥

कर्म बत्तीसी

करम तणी गति अलख अगोचर, कहइ कुण जाणे सार जी ।
नाण वशे योगीसर जाणे, के जाणइ करतार जी ॥क०॥१॥
पूरव कर्म लिखत जे सुख दुख, जीव लहइ निरधार जी ।
उद्यम कोड़ि करइजे तो पिण,
न फलइ अधिक लगार जी ॥क०॥२॥
एक जनम लगि फिरइ कुआरा, एके रे दोय नारि जी ।
एक उदरभर जन्मइ कहीइ, एक सहस आधार जी ॥क०॥३॥
एक रूप रंभा सम दीसइ, दीसे एक कुरूप जी ।
एक सहू ना दास कहीये, एक सहू ना भूप जी॥क०॥४॥
सायर लंघवि गयो लंकाये, पवनपूत हनुमान जी ।
सीता खबर करी ने आव्यो, राम कछोटी दान जी ॥क०॥५॥
वेश्या घर अवतारे आवी, तनु दुर्गंध अपार जी ।
दुर्गंधा श्रेणिक पटराणी, थाइ करम प्रकार जी ॥क०॥६॥
चौसठ सुरपति सेवा सारइ, महावीर भगवंत जी ।
नीच कुले आवी अवतरीओ, करम सबल बलवंत जी ॥क०७
रसकुंपी भरिवा नइ काजे, पइठउ जोगी ताम जी ।

करम वसि आकाशे वाणी,

भरि राका नइ नामि जी ॥क०॥८॥

कीधो द्वारिका दाह दीपायन, बइठउ कृष्ण नरेश जी ।
अर्ध भरत सामी विचितइं, आइं पांडव परदेश जी ॥क०९॥
सीता सती शिरोमणि कहीइ, जाणइ सहु संसार जी ।
तेहनइं राम तजी वनवासि,मूकि वचन संभारि जी ॥क१०
नीर वहइ चंडाल तणइ घरि, रही मसाणि नरिंद जी ।
जिन्न सुत खापण निजगड़ी लीधउ,

ते राजा हरिचंद जी ॥क०॥११॥

जात मात्र आकाश उपाडी, सुर नाखे वन मांहि जी ।
कुमर प्रजुन्न पानडा मांहि,राखिउ करमइ साहि जी॥क०१२
साधु वचन सांभलि सागरदत्त, दामन्नइ इकवार जी ।
मारण माडिउ पणि नवि मुउ,

हुयउ ग्रहपति सार जी ॥क०॥१३॥

विविध रतन मणि माणिक देवी, वाभण एक अनाथ जी ।
रतनागर नी सेवा कीधी, दादुर लागु हाथि जी ॥क०॥१४॥
सोमदेव निज भगिनी परणी, पिण छंडी ततकाल जी ।
निज माता गणिका सुं लुबधउ,

करम तणउ जजालि जी ॥क०॥१५॥

यात्रा करण बारह व्रत धारक, श्रावक वीरउ नामजी ।
मारग वाघणि सीगैं वीध्यौ,करम तणै परिणाम जी ॥क०१६
अल्प काल व्रत पाली पामइ, पुंडरीक भव पार जी ।
व्रत पालो चिरकाले जाइ, कंडरीक नगर मझारि जी ॥क०१७

एकणि वार गमाया गयवर, चउद सइं चिउं आल जी ।
कर्म वसे ते भिक्षा मांगइ,जूओ मुंज भूराल जी ॥क०॥१८॥
मुनि वचने बाँभण रंधावी, मांजरि मिश्रित खीर जी ।
सेठि तनय तेहिज जीमीनइ, राजा थायै सुधीर जी ॥क०१६
नापित घरि दासी नो बेटउ, जाति हीन कुल मंद जी ।
ते पाडलि नयर नो सामी, नवमुं नंद नरिंद जी ॥२०॥क०॥
सुर पचवीस सहस निसि वासर, रहिता जेहने पास जी ।
ते सभूम लवण सायर विचि,

वहतौ गयौ निरास जी ॥क०॥२१॥
दोभागी पूरब भव हुंतौ, नंदिषेण इणे नाम जी ।
स्त्री वल्लभ वसुदेव कहांणउ,करम तणा ए काम जी ॥२२क
रिषभदेव त्रिभुवन नो नायक, लीधी निरुपम दीख जी ।
वरस लगइं आहार न पाम्या,

करम दीयइ इम सीख जी ॥क०॥२३॥
प्रसन्नचंद रिषि काउसग मांहि, नरक तणा दल मेलि जी ।
ततखिण निर्मल केवल पामी,करम करइ इम केलि जी ॥२४क
मृगापुत्र पल पिंड उपल सम पूरब करम विशेष जी ।
कडुआ कर्म विपाक कहीजइ,चितै गौतम देख जी ॥क०२५॥
चारुदत्त योगी उपदेसैं, पइठउ विवर मझारि जी ।
तउ पिण धन लवलेस न लीधउ,कीधा कोडि प्रकार जी॥२६क
हरिहर ब्रह्मादिक योगीसर राजा ने वलि रांक जी ।
विविध प्रकारे कर्म विटंबी, न करइ केहनी सांक जी ॥२७क
करम लिखत सुख संपति लहीइ, अधिक न कीजइ सोस जी ।

आप कमाया फल पामीजइ,अवर न दीजइ दोस जी ॥२८क
इणि परि करम विपाक विचारी, छेदउ करम कलेस जी ।
जिम अविचल सुख संपद पामइ, प्रणमइ पाय नरेश जी ॥२९क
नव षट सोल(१६६९)प्रमाणे वरसे,भादव वदि गुरुवार जो।
'करम बत्तीसी' निसि भरि कीधी,धरि संवेग अपार जी ॥३०क
'खरतर' गच्छ नायक जयवंता, युगप्रधान जिनचंद जी ।
तसु पाटे दिन दिन दीपंता,श्री 'जिनसिंहसूरिंद' जी ॥३१क
तास सीस पभणइ मनरंगे, 'राजसमुद्र' सुविचार जी ।
भणतां गुणतां वलि सांभलतां,थाये हर्ष अपार जी ॥३२क०॥

शालिभद्र धन्ना चौपई

सासरण नायक समरीये, वर्द्धमान जिणचंद ।
अलिय विघन दूरे हरे, आपे परमाणंद ॥१॥
सहु को जिनवर सारिखा, पणि तीरथ धणीय विशेषि ।
परणीजे ते गाइये, लोकनीत संपेखि ॥२॥
दान शील तप भावना, शिवपुर मारग च्यार ।
सरिखा छे तो पण इहाँ, दान तणो अधिकार ॥३॥
'सालिभद्र' सुख संपदा, पामे दान पसाइ ।
तास चरित वखाणतां, पातिग दूर पुलाइ ॥४॥
तास प्रसंगे जे थई, 'धन्ना' नी पणि वात ।
सावधान थई साँभलो, मत करज्यो व्याघात ॥५॥

ढाल १ चौपाई नी.

मगध देश श्रेणिक भूपाल, पते न्योय करे चोसाल ।
भाव भेद सूधा सरदहे, जिणवर आण अखंडित वहै ॥१॥
नित नवला करती खेलणा, मानीती राणी चेलणा ।
कोइ न लोपे तेहनी कार, मंत्रीसर छइ अभयकुमार ॥२॥
बारे पाडे नगरी वसे, राजगृही अलका ने हसे ।
सुखिया लोक वसे सहुकोइ, तो पग पग माँडे छे जोइ ॥३॥
रसना गुण लेवा चलवले, अवगुण वेला मूल न वले ।
परगुण देखण नयण हजार, संयम दूषण देखण वार ॥४॥
परधन लेवा जे पाँगला, पर उपकारी जे आगला ।
कर उपर करवा ने हठी, न्याये लाछ करे एकठी ॥५॥
मालानी जे दथे को गालि, तो हरखित हुवे अरथ निहालि ।
विढतां कहे अकरमी कोई, कहिये विर होंस्यइ दिन सोइ ॥६॥

शालिभद्र चौपई का एक सचित्र पृष्ठ

परधन लेवा जे पांगला, पर उपगारी जे आगला ।
कर उपर करवा नै हठी, न्याये लाछि करै एकठी ॥५॥
सालानी जे द्यै को गालि, तो हरखित हुवे अरथ निहालि ।
विढता कहै अकरमी कोई, कहियै विर होस्यइ दिन सोह ॥६॥
माता खोज गयो जो कहै, तो आसीस रुड़ी सरदहै ।
रमता पिण जे पासा सार, अर्लिव न आखे मारी मार ॥७॥
मुश्री विणज तिसी परि करै, परदेसी धन धन उचरै ।
सकज पूत पीता अनुसरै, हिवड़ुण सीमे गोढा भरै ॥८॥
परब दिवस पोषध अनुसरै, अवसर बारह ब्रत पणि धरै ।
परभव ह्ती जे थरहरै, वारू लाक वसै इण परै ॥९॥
धना नाम नारि अनाथ, सगम बेटो लेई साथ ।
घर नी आथि अगाउ चली, सालि गाम थी ते ऊचली ॥१०॥
राजगृह आवी नै रहै, पर घर काम करी निरवहै ।
सुख दुख वात न पूछै कोइ, आथि पखै किम आदर होइ ॥११॥
सगम बाहिर सागे दास, वाछरुया चारै निसदीस ।
चाराही आवे घर दीठ, पेट भराई थाये नीठ ॥१२॥
सगम किण ही परब विशेषि, खीर जीमता बालक देखि ।
पायस भोजन मनसा थई, मागै माता पासै जई ॥१३॥
धरनी परठ न छोरू लहै, दुख भर सजल नयन इम कहै ।
पूत न पहुचै कूकस भात, तो सी खीर खाडनी वात ॥१४॥
च्यार चतुर पाडोसण नार, आवी नै पूछै इण वार ।
स्यूं दीसै आमण दूमणी, माडी वात कही सुत तणी ॥१५॥
एकण दूध अमामो दीयो, घृत नो बीड़ो बीजी लीयो ।
तीजी आपै बूरा खाड़, चौथी आपै सालि अखंड ॥१६॥

॥ दूहा ॥

हिव नीपजता खीर नै, वारन लागी काय ।
कारण सकल मिल्या पछै, कारिज सिद्ध ज थाय ॥१॥

बोलावी बालक भणी, बैसाणी ससनेह ।
माता प्रति हरखित थई, खीर परीसै तेह ॥२॥
प्रति ऊन्ही जाणी करी, ठारै देई फूंक ।
थयो एक अचरिज तिसै, सुणज्यौ आलस मूंक ॥३॥

ढाल-२ आज्यो मेघ मुनि कांइ डमडोलै रे. ए जाति

जामण कारिज ऊपनै जी, जाइ जिसै घर माहि ।
अतिथि एक आयो तिसै जी, आण्यो करमैं साहि ॥१॥
साधु जी भलै पधारया आज, मुझ सारौ वंछित काज ॥सा०
मास खमण नै पारणैं जो, जगम सुरतरु जेह ।
शिव मारग अवगाहतांजी, खीण देह गुण गेह ॥२॥ सा०॥
बालक मन हरिखित थयौ जी, दीठो मुनिवर तेह ।
रोम रोम तनु ऊलस्यो जी, जाग्यो धरम सनेह ॥३॥ सा०॥
घर आगण सुरतरु फल्यौ जी, आज भलै सुविहाण ।
आज भली जागी दसा जी, प्रगटयौ आज निहाण ॥४॥ सा०॥
जे भव भमता दोहिला जी, चित्त वित्त नै पात्र ।
कुण तीने लही एकठा जी, ढील करै खिण मात्र ॥५॥ सा०॥
जे सामग्री दोहिलो जी, ते मैं लाधी आज ।
जो हु हिव सफली करु जी, तो पांमु सिवराज ॥६॥ सा०॥
कीधी कां न विचारणा जी, भाव भगति भरपूर ।
पायस थाल उपाडि नइ जो, आयो साध हजूर ॥ ॥सा०॥
माडै पड्यो जाणि नै जी, निरदूषण आहार ।
पडिलाभै भावै चढयो जो, खीर अखंडित धार ॥८॥ सा०॥
पात्र दान फल ए लहो जी, अंतराय मत होय ।
नाकारो न कह्यो तिणै जी, लालच न हूंतो कोय ॥९॥ सा०॥
पुण्य जोग आवी मिल्यो जी, उत्तम पात्र विशेषि ।
दीधो दान तिसी परै जी, थाल रह्यो अवशेष ॥१०॥ सा०॥

सात आठ पग साधु नै जो, पहुंचावी सिरनामि।
करी प्रणाम पाछो वल्यो जी, बैठो ठामो ठाम ॥११॥सा०॥
बोध सुलभ जनमंतरै जी, लहिस्यै भोग प्रधान।
इम सुपात्र आवी मिल्यो जी, दीजे अढलक दान ॥१२॥सा०॥
माता पिण आवी तिसै जी, खाली दीठौ थाल।
खीर परीसै थाकती जी, त्रिपतो थयो न बाल ॥१३॥सा०॥

॥ दूहा ॥

सगम वात न का कही, पाछलि बीती जेह ।
देई दान प्रकासस्ये, फल निगमस्यै तेह ॥१॥
देइ दान पमावस्य, वरय न पडस्यै तांह।
फल तो तेहिज ले रहया, जीभ न बूही जाह ॥२॥
वछ नै देखी जीमतो, जामण करै विचार।
इतली भूख सदा खमै, धिग माहरो जमवार ॥३॥
निस भर थई विसूचिका, काल मास करी काल।
साधु ध्यान धरतो थको, पामै भोग रसाल ॥४॥

ढाल-३ राग-गुड, इक दिन दासी दोड़ती, ए जति

लाखे गाने लाखेसरी, सहू जेहनै हेठ रे।
लाछिनो जे अछै धणी, तिहां गोभद्र सेठरे ।१॥
दान उलट धरै दीजीयै, फलयतो सुविशेष रे ।
गगमै भव नरौ अतरै, लाधा भोग संपेख रे ॥२॥दा०॥
नारि भद्रा उरु कंदरा, मृगराज अणुहार रे ।
काल करी बाल ते अवतरयो, फल्यो दान सहकार रे ॥३॥दा०॥
रयणि सुपनन्तर सालिनउ, दीठउ खेत्र निप्पन्न रे।
फल कहइ सेठ हरखित हुयउ, हुस्यइ पुत्र रतन्न रे॥४॥दा०॥
गर्भ नी करै प्रतिपालणा, लेई ग्र थ नी साख रे।
धेनड़ नो मुख जोइवा, धरै मन अभिलाष रे ॥५॥दा०॥

जीवदया प्रतिपालियै कीजीयै पर उपगार रे ।
साहमी सुगुरु सतोषीये, दीजीयै दान अपार रे ॥६॥दा०॥
इम मन राज मोजा दियै, ते तो गर्भ प्रभाव रे ।
तिल तणौ तेल जे मह महै, तेतो कुसम सभाव रे ॥७॥दा०॥
सेठ गोभद्र भद्रा तणौ, विलखो मुख देख रे ।
जे मन दोहला ऊपजै, पूरवै ते सुविशेष रे ॥८॥द०॥
इक दिन आवि दासी कहै, फल्या वछित काज रे ।
दाजीयै सेठ वधामणी, जायो पुत्र सिरताज रे ॥६॥दा०॥
दूरी कीधो दासी-पणो, जलस्यु सिर धोय रे ।
अगना आभरण आपी नै, राखी चौगुणी सोय रे ॥१०॥ दा०॥
घरि घरि रग वधामणा, थयो जय जय कार रे ।
सालिभद्र नाम दीधो इसौ, करिय सुपन विचार रे ॥११॥दा०॥
मात भद्रा हुलरावती, दीयै एम आसीस रे ।
चिरजीवे तु नान्हडा, कोडाकोड़ वरीस रे ॥१२॥दा०॥

॥ दूहा ॥

तुझ डडा पीडा पडो, खारे समुद्रे जाय ।
तुझ हुंती अलगी रहो, पूत अलाय बलाय ॥१३॥
हु वड जेम साखे करी, वाल्हा वीस्तरी जेह रे ।
पूत सकल परिवार नै, लोधा निरवह जेह रे ॥१४॥दा०॥
हुं तुझ ऊपर वारणे, कीधी वार हजार रे ।
साहिब जेम दिखावज्यो, एहनी वूरी वार रे ॥१५॥दा०॥

॥ दूहा ॥

हिव मुकलीणी सामठी, नारी बतीस नीहारि ।
परणावी एकण समै, भोग समत्थ विचारि ॥१॥
हिव हुं संयम आदरुं, भव जल निधि बोहित्थ ।
सकज सुत जे घर रहै, तासु जनम अकथ ॥२॥

वीर पास व्रत आदरी, उद्यत करै विहार ।
व्रत लीधो तेहनो खरो, जे पाले निरतीचार ॥३॥
करि अणसण आराधना, त्रिविध खमावै पाप ।
वैमानिक सुर सुख लहै, सालिभद्र नो बाप ॥४॥

ढाल ४ राग-मल्हार, कुशल गुरु पूरो बंछित आज, ए जाति

जीहो जाण्यो अवधि प्रजूंजनै जीहो पूरव भव विरतंत ।
जीहो सुत सनेह परवसि थयो जीहो सेठ जीव एकंत ॥१॥
चतुर नर पोखो पात्र विशेषि ।
जीहो सुर सानिधिते फलडा, जीहो सिव सुख फलै सपेखि ॥२॥च.॥
जी हो निसिदिन सुरपासे रहै, जीहो पूरै मन नी आस ।
जीहो करै कपूरै कउगला, जीहो विलसै लील विलास ॥३॥च०॥
जीहो परियागति पहिली हुंती, आथि अनेक प्रकार ।
जीहो सुर सानिधि तेहनो थयो, लाख गुणो विस्तार ॥४॥च०॥
जीहो स्नान करी उठं जिसै, जीहो नाह रमणी बत्रीस ।
जीहो गयण थकी पेटी तिसै, हाजरि होई तेत्रीस ॥५॥च०॥
जीहो नव नव भूषण नीसरे, भामणी नै परिभोग ।
जीहो रतन जड़ित सिर सेहरो, सालि कुमर ने जोग ॥६॥च०॥
जीहो जे को न लहै खरचतो, जीहो धननी कोडा कोडि ।
जीहो ते माणिक ऊपरि जडया, झलकं होड़ा होड़ि ॥७॥च०॥
जीहो पहिरीजें पहिलै दिनै, जीहो आभरण अमूल ।
जीहो बीजै दिन ते ऊतरै, जिम कुमिलाणी फूल ॥८॥च०॥
जीहो ले कूवा मैं नाँखीयै, जीहो ते आभरण असेस ।
जीहो वलती गंध न को लियै, जीहो ऐ ऐ पुण्य विसेस ॥९॥च०॥
जीहो न हुउ न हुस्यै जेहनै, जी हो चक्रवर्ति आवास ।
जीहो ते निरमाइल सालि नैं, जीहो होवै सोवन नी रासि ॥१०॥च०

जीहो अउले खाले वहै, जीहो कस्तूरी घनसार।
जीहो आठ पहुर लगि सामठा, जीहो नाटिक ना दौकार ॥११॥च.
जीहो सालिकुमर सुख भोगवै, दोगदुक सुर जेम।
जीहो भामणि स्युं भी भीनो रहै,जीहो दिन दिन दिन वधतै प्रेम।१२

॥ दूहा ॥

इण अवसर केइक भला, परदेसी मिल चार।
रतन कंबल वेचण भणी, फिरय नगर मझार ॥१॥
ताप सीत भेदै नही, अति सुंदर सुकुमाल।
अग्नि झाल मे धोवता, मल छाडे ततकाल ॥२॥
जे पहिरस्यं सो जाणस्यै, अवर न जाणें भेव।
परदेसी ऊभा कहै, रतन कबल को लेव ॥३॥
छयल पूरष लेवा भणी, फिरै वीच दलाल।
पिण साटौ वाजे नही, कहै अमामो मोल ॥४॥
राजगृही नगरी भम्या, ऊंच नीच आवास।
कंबल कोई न संग्रहै, ते सहु थया उदास ॥५॥

ढाल–५ सिन्धुनी जाति

इण पुर कंवल कोइ न लेसी, फिर चाल्या पाछा परदेसी।
साल महल पासे ते आवै, दासी मुखि भद्रा तेडावै ॥१॥
व्यापारी दीसौ छौ वीरा, तो किण कारण थया अधीरा।
परदेसी आवै व्यापारै, लाभ पखै अग्ग वेच्या सारै ॥२॥
वस्तु अम्हारी लेवा सारू, मिल्यो महाजन वारू वारू।
मोल सुणीने मुंह मचकोडै, वलतौ साटौ कोइ न जोडै ॥३॥
फिर पाछा वीरा मत जावौ, मोल कही ने वस्तु दिखावो।
सवा लाख धन खोलै घालै, एह सोल कंवल सो झालं ॥४॥
बहुवर एक निजर में दीठी, सी दिस खारी सी दिस मीठी।
कंबल सोल किम परचावुं, तिण ए अरधो अरध करावुं ॥५॥

जिम जाणो तिम एह अवधारो, खंड करो बत्तीस विचारो
पहिली अम्ह नै दाम दिरावौ, पाछल मन मानै सो करावो ॥६॥
तेडि कहै साभलि भडारी, ए परदेशी छइ व्यापारो।
वीस लाख सोनइया लेखै, कनक रजत आपौ सुविशेषै ॥७॥
कथन अपर तो मूल न आणो, नाणो गांठइ बाँध्यो जाणौ।
मुझ साथै मू को एकण नै, तिण नै दाम समापुं गिणनै ॥८॥
कोठारी कोठार खुलावै, गिणवा त्रीजो जण बोलावै।
जातो कुण जोवै रुपईया, पगसू ठेलीजै सोनईया ॥९॥
हीरा ऊपर पग दे चलै, माणिक कवण मंजूसे घालै।
पार न को दीसै परवाले, काच तणी परि पाच निहाले ॥१०॥
लाखे गाने अछै लसणीया, मोती मूल न जाइं गिणीया।
इण परि रिद्धि देखी थभाणो, पाछो फिर न सकै ले नाणो ॥११॥
अबर दूझै भूत कमावै, आकासे हत वहै सभावै।
तिण घरि ए पिण रिद्ध न दीसै, स्युं सपनौ देखुं छु दोसै ॥१२॥

॥ दूहा ॥

माल हमालै वसि करी, डेरइ आव्या जाम।
व्यापारी बोलावि नै, श्रेणिक भासै आम ॥१॥
राणी हठ मूकै नही, मैं पूरेवा हाम।
कबल द्यो इक मोलवी, जिम तिम देइसुं दाम ॥२॥
रोक दिराव्या दोकडा, कोधी न का उधार।
सोलह कंबल सामठा, तिण ते लीधा सार ॥३॥
किण सोनईया सामठा वीस लाख गिण दीध।
कुण धनवत इसौ अछै, जिण ते कबल लीध ॥४॥
सालिभद्र भोगी भमर नवि जाणे गृह काज।
लेवो देवो मा वसु, तीण लोधा महाराज ॥५॥

ढाल-६ राग-परजीयो, पूरब भव तुम्ह सांभलो. ए जाति

श्रेणिक मन अचरिज थयो, हुं बड भागो राजा रे।
माहरी छत्र छाया बसै, सहु को दामे ताजा रे ॥१॥श्रे०॥

राज हुकम मंगावतां, मत भद्रा दुख पावै रे ।
रोके दामी राजवी, कंबल एक मगावें रे ॥२॥ श्रे०॥
अंतरजामी ऊपरा, जो तन धन वारीजें रे ।
तौ कंबल नौ स्यु अछै, पिण मुझ बात सुणीजें रे ॥३॥श्रे०॥
नारी कुंजर नो घसु, पहिरयाँ साथल घासै रे ।
ने तो मारू धाबला, पहिरे केम तमासै रे ॥४॥श्रे०
देव वसत पहिरै बहु, नर्जार न आवें तेई रे।
मैं दे मूक्या भो दिसा, पासै मूक्या लेई रे ॥५॥श्रे०॥
स्नान करी ऊठी जिसै, ते नांख्या पग लूही रे।
आपणपै जोवौ जई, निरमाइल खूही रे ॥६॥ श्रे०॥
निरमाइल किम दीजीयें, कूवा माथी काढी रे ।
अवर हुकम फुरमावस्यें, ते लेस्युं माथैं चाढी रे ॥७॥श्रे०॥
सेवक जे मूंक्यो हतो. ने फिर पाछो आवै रे ।
राजा नै रांणी मिली, सगली परीठ सुणावै रे ॥८॥श्रे०॥
राजा ने राणी मिली, पूरब सुक्रत सलीसै रे ।
इण ऋद्धि उण ऋद्धि आंतरो, सर सायर सो दीसैरे ॥९॥श्रे०॥
जे को पहिर सकै नही, ते पग लूही नाखीजै रे ।
परतख देखि पटंतरो, गरथ गरब किम कीजै रे ॥१०॥श्रे०॥
राजा अभयकुमार नै, मूकै भद्रा पासि रे ।
करि प्रणाम आवी तिसै, विनयवत इम भासै रे॥११॥श्रे०॥
भोग पुरंदर सालि ने, ए करसों नृप तेडे रे ।
दरसण देखण अलजयो, मू को माहरै केडै रे ॥१२॥श्रे०॥

॥ दूहा ॥

भद्रा अभयकुमार स्यु, आवै श्रेणिक पास ।
वस्तु अमोलिक भेटणै, देई करै अरदास ॥१॥
रवि ससि देन किरणधर, लागो न धरणी पाउ ।
दरसण को पावै नही, लख आवौं लख जाइ ॥२॥

किरण दिस ऊगे आथमे, जाणे राति न दीह।
जउ तिल कूड़ इहाँ अछे, तो हु काढूं लीह ॥३॥
किम तेड़ावो नान्हडो, लाछि लील भरतार।
राज भवण लग आवतां, थास्ये कोस हजार ॥४॥
राज पधारो आंगणे, मत को जाणों पाड।
जो छोरू करि जाणस्यो, तो पूरवस्यो लाड ॥५॥

ढाल ७ राग-सिंधुड़ौं, चीत्रोडी राजा रे मेवाडी राजा रे, एजाति

मुझ लाज वधारो रे, तो राज पधारो रे,
मत बात विचारो डावी जीमणी रे।
आमगा पाखे रे, सहु कोनी साखे रे,
इम कोइ न भाखे राखे कड़ि धणी रे ॥१॥
मगधेश विमासे रे, मन्त्रीसर भासे रे,
तुझ आस अवासे, तू चली आगले रे।
साहिब मतवाला रे, हुइ तो रढाला रे,
प्रधान वडाला, वालइ तिम वसे रे ॥२॥
हुता जे नेडे रे, ते साथे तेडे रे,
बीजा ने कडे केहे वेगा आ पडो रे।
देस्यै ओलभो रे, पाँगि वलि थभो रे,
सहु को नै अचंभो, देखण नो बड़ो रे ॥३॥
मानी मछराला रे, वारू वीगताला रे,
ठकुराला छउगाला सहु आवें वहया रे।
वागे तन लागे रे, केसरीयें पागे रे,
वलि लीधे वागे आवि ऊभा रह्या रे ॥४॥
वधि चल्यो वधाऊ रे, उलगाणो साउ रे,
द्यइ खबरि अगाउ, आव्यो अम्ह धणीरे।
पोषी पकवाने रे, दीजे अनुमाने रे,
कोई गिणे न म्याने रे, तास वधामणी रे ॥५॥

राजा घरि आयो रे, मन थयो सवायो रे,
भरी थाल वधायो मोती माणके रे,
सोवन वारीजै रे, पाटबर दीजै रे,
तिम अघा तेडीजै, साथि हुता जिके रे ॥६॥
पहिली भूमि जोइ रे, हरख्या सहु कोइ रे,
नर भवण न होइ स्युं सुहिणो अछे रे।
बीजी भूमि आवै रे, अचरिज संव पावै रे,
मनभावै, सुर लोक थयो इण थी पछे रे ॥७॥
घन माल आलेखै रे, चिहुं पासै पेखै रे,
सुर भवन विशेषै हुं स्यौ अवतरयौ रे।
किणही भोलायो रे, मैं भेद न पायो रे,
अलिकापुरी आयो, इम संसय धरयो रे ॥८॥
हुं श्रेणिक नामइ रे, आयो कणि ठामइ रे,
इम अचरिज पामै समझि न का पडै रे।
सिर धूणी सोचइ रे, मनस्युं आलोचै रे,
पगभरी सकोचै, चलंतो लड़थड़ै रे ॥९॥

॥ दूहा ॥

भद्रा आवी नै कहइ, स्युं जोवौ छो एह।
दासी दास इहां रहै, उपर जोवौ गेह ॥१॥
तीजी भोमी चढचा जिसै, नयण न सकै जोडि।
घर अंगण जिम झलहलै, जाणे ऊगा सूर्य कोड़ि ॥२॥
चढता चउथी भूमिका, थंभाणा सवि तेह।
मानवगति दीसै नहीं, छै देवगति एह ॥३॥
सिंहासन आसन ठवी, भद्रा भासै आम।
तेड़ी ल्यावुं नान्हड़ौ, राज करौ विश्राम ॥४॥

ढाल ८ मीजवासै उपचासै गलै पहनी जाति

वेग पधारो हो महल थी, वार म लावो आज।
घर आगण आव्यो अछै, श्री श्रेणिक महाराज ॥१॥वे०

रमणि बत्रीसे परिहरो, सेझ तजो इणि वारि ।
श्रेणिक घर आव्यो अछे, करिवो कवण विचारि ॥२॥वे०॥
पहला कदेय न पूछता, स्यो पूछो इण वार।
जिम जाणो तिम मोलवी, ले नाखो भडार ॥३॥वे०॥
नाखण जोगो ए नहीं, त्रिभुवन माहि अमोल ।
तो हिव जिम तिम संग्रहो, मुंह मांग्यो दयो मोल ॥४॥वे०॥
किरियाणो श्रेणिक नही, बोलो बोल विचार।
देस मगध नो छै धणी, इद्र तणे अणुहार ॥५॥वे०॥
जेहनी छत्र छाया वसॆं, जासु अखंडित आण।
ते घरि आयो आपणॆं, जीवत जन्म प्रमाण ॥६॥वे०॥
प्रेम मगन रमणी रसॆं, रमतो नव नव रग ।
सेझ थकी तिण ऊठतो, आलस आणे अग ॥७॥वे०॥
आपण सरिखा जेहने, लखमीधर लख कोडि ।
आगलि ऊभा ओलगे, रातिदिवस कर जोडि ॥८॥वे०॥
ए मंदिर ए मालिया, ए सुख सेज विलास ।
ता लगि आपणि वसि अछे, जां लगि सुनिजर तास ॥९॥वे०॥
जो आपण पर तेहनी, कहियें कुनिजर होइ।
तो खिण माहे आय नो, न थ हुयें कुज कोइ ॥१० ॥वे०॥
तुरत करे अधराजियो, तुरत लगावे लीक ।
हियडो कोइ न लखि सकॆ, पाणी माँहि मधीक ॥११॥वे०॥
आस ईयारी की जीयइ, पिण केहवो आँसंग।
दुबल काना राजवी, ते हुवे किम इकरग ॥ १२॥ वे०॥
हास विनोद विलास जे, संपजस्ये सो वार ।
पिण रीझवतां राजवी, खरो कठिन विवहार ॥१३॥वे०

॥ दूहा ॥

पहला कदे न सांभल्यो, सुपनांतरि पणि जेह।
वयण विषम विष सारिखो, मात सुणाव्या तेह ॥१॥

कली कचरतां नीगमी, मैं माहरी जमवार ।
आज लगं जाण्यो नहीं, सेवक नो विवहार ॥२॥
परम पुरुष विण अवरनी, सीस न धारूं आण ।
केहर कदेन सांसहैं, तुरीयां जेम पलाण ॥३
जे परवस बधण पडथा, ते सुख माणें केम ।
गहनो गाडो लील नो, लाडो चिंतै एम ॥४॥

ढाल ६ आप सवारथ जग सहु रे एहनी जाति

पूरव सुकृत न मैं कीयो, पालि न जिनवर आण ।
तिण आण अवर नरिंदनी, पालेवी हो मुझ ने सुप्रमाण ॥१॥
कुमर इसौ मन चीतवै, भरम भूलो रे इतला दिन सीम ।
परमारथ प्रीछ्यां पछे रे, गृहवासें हो रहिवा हिव नीम ॥२॥कु०
मन वचन काया वसि करी, सेव्या नही गुरु देव ।
तिण हेतु अवर नरिंदनी, करजोडी हो करवी हुइ सेव ॥३॥कु०
एतला दिन लग जाणतो, हु छुं सहुनो नाथ ।
माहरै पिण जो नाथ छै, तोछोडिस हो तृण जिम ए आथ ।४॥कु०
जाणतो जे सुख सासता, लाधा अछे असमान ।
ते सहु आज असासता, मैं जाण्या हो जिम सध्या वान ॥५॥कु०
ससार सहु ए कारिमो, कारिमो एह परिवार ।
कारमी इण रिद्धि कारणें, कुण हारै हो मानव अवतार ॥६॥कु०
वेसास सास तणो किसो, जे घड़ि में घटि जाय ।
करणी तिका हिव आदरूं, जिम जामण हो तिम मरण न थाय ।७।
ए विषय विष फल सारिखा, जाण नही जाचंद ।
त्रेवडै अमृत फल जिस, तिण साथै हो मांडै प्रतिबंध ॥८॥कु०
जे करै बे आंगुल खरी, रोपी रहै दृढ पाउ ।
जे आप आपो अंगमे, तिण आगै हो कुण राणो राउ ॥६॥कु०
बाबू तणो भय रालि नै, बैठो करी इकतार ।
जे आप निरलोभी हुवे, तिण आगें हो तृण जिम संसार ॥१०कु०

घर आथि आप वसु करी, रूठो थको नर नाह ।
ते सहु में पहिली तजो, हिव मुझ ने हो स्यानी परवाह ॥११॥कु०
पण वचन हु माता तणो, लोपुं नहीं निरधार ।
तिण सेझ हुंती उठि ने, पाउधारइ हो साथे ले नारि ॥१२॥कु०॥

॥ दूहा ॥

श्रेणिक मन हरखित थयो, सूरति नयण निहार ।
देव कुमर स्युं अवतरयो, मानव लोक मझार ॥१॥
करि प्रणाम आगलि जिसै, ऊभो सालिकुमार ।
बैसारयो उछरंग ले, राजायै तिण वार ॥२॥
पर कर परसेवो चल्यो, मांखण जेम सरीर ।
चिहु दिसि परसेव चल्यो, जिम नीझरणे नीर ॥३॥
इण इण भवि कीधी नही, मुपनान्तरि पणि सेव ।
पर कर फरस न खमि सकै, ए पातलीयो देव ॥४॥
स्वेच्छाचारी पर वसै, रहि न सकै तिल मात ।
सीख समपौ करि मया, मात कहै ए वात ।
उठ्यो आमणदूमणो, महल चढयो मन रग ।
फिरि पाछो जोवै नही, जिम कंचली भुयग ॥६॥

ढाल-१० राग गोडी, भव तणौं परिपाक पहनी जाति

बे कर जोडी ताम भद्रा वीनवै, भोजन आज इहां करो ए ।
भगति जुगति सी थाय तोपणि साचवउं दास भाव हुं आपणो ए ॥१
सहस पाक सतपाक तैलादिक करी मरदनीया मरदन दीयै ।
जव चूरण घनसार मृगमद वासित ऊपरि उगटणो कीयो ए ॥२॥
अछै गृंह नइ पासै जल खडोखलि सनान करण आवे तिहां ए ।
करता जलनी केलि पडती मुद्रड़ी जाणी पण न लहै किहाँ ए ॥३॥
ते मुझ माणिक आज दीसै छै गयो, सारभूत घर में हतो ए ।
ऊ चउ लेइ हाथ जोवै श्रेणिक पणि न कहै मुख लाजतो ए ॥४॥

देखी अडोली तांम श्रेणिक आंगुली जाण्यो पाडी मुद्रडी ए।
दासी ने कर सैन जल कल चालवी कढावै भद्रा खडी ए ॥५॥
अंधारै उद्योत करता नव नव भूषण मणि रयणे जडया ए।
देई श्रेणिक आदि ज्योति झिगामिग देखि सवि अचरिज पडया ए।६
चिंतामणि ने पासि जिम सेवंतरो मूक्यो सोभ जिसी लहै ए।
तिम ते भूषण पास श्रेणिक मुद्रडी ततखिण ओलखी ने ग्रहै ए ॥७
चीतै मगधाधीश पुण्य पटंतर स्यो सेवक ने स्यो धणी ए।
स्यो करिवो विषवाद देखी परधन घाटि कमाई आपणी ए ॥८॥
पप हिरेहिलं दीस भूषण भामिण बीजइ दिनते ऊतरै ए।
जिम निरमाइल फूल तिम ए नाखीए वलती सारन को करै ए ॥९॥
मेवा नै पकवान प्रीसै व्यजन जाति भाति कर जूजूआ ए।
द्यै ताजा तबोल ऊपरि नव नव सहु को मन हरषित थया ए ॥१०॥
मणि माणकनी कोडि लेई भेटणो राजा फिरि पाछउ गयो ए।
हिव पाछलि जिनराज धरम करण भणी सालिकुमर उच्छक थयोए॥११

॥ दूहा ॥

तेजी सहै न ताजणो खेत सहै खग धार।
सूर मरण ही साँसहै, पणि न सहै तूंकार ॥१॥
से बसि रांकपणउ भलो, स्यो परवसि रग रोल।
वर पोता नी पातली, नाउ परायो घोल ॥२॥
बीजो नाथ न साँसहु, तो आण धरू सिर केम।
मानी सरभ न सांसहै, घन गर्जारव जेम ॥३॥
संजम लेता दोइ गुण, पर भव अविचल राज।
इण भवि नाथ न को हुवै, एक पथ दोइ काज ॥४॥
करता एम विचारणा, बोली घडी बिच्यार।
मिलि बत्रीसे भामिनी, इणि परि करै विचार ॥५॥

ढाल ११ नीबयारी जाति

माज नहेजो रे दीसै नाहलो, कीजै कवण प्रकार।
प्रेम विलुधी सुकुलिणी मिली, इणि परि करै विचार ॥१॥आ०

आऊंकार न मंदिर आवतां, जाता न कहै जाउ ।
जोगीसर जिम लय लायि रह्यो, मूकी मूल सुभाउ ॥२आ०॥
कर जोडि आगलि ऊभा छता च्यार पहुर वहि जाइ ।
तो पिण किम ऊभा जास्यो किहाँ, वात न पूछै काइ ॥३॥आ०॥
वयण नयण पोता ना वसि कीया, कीधौ मन संकोच ।
रग तणा रटका मत जाणेज्यो, आछै अवर आलोच ॥४॥आ०
आपण भोगी भमर न दूहव्यो, केम पड़ी मन राई ।
बोलायो प्रीतम बोलै नहो, अंतरगति न लखाई ॥५॥आ०॥
देखी नें मुंह मचकोडै नहीं, रीस नही तिल मात ।
आपणपै पिण बोलै नहीं, एह अनेरी धात ॥६॥आ०॥
आज सही भभेरयो वालहो, न कहै मन नी वात ।
जे नितु नवलो नेह न साँसहै ते तो घालै घात ॥७॥आ०॥
कहियै नाह न दीठो रूसणों, दिन दिन वधतै प्रेम ।
पाणी वलि माँहे मन खाँचीयो, हिव कहो कीजे केम ॥८॥आ०॥
अतरजामी आज अवाणगू, दीसै कवण विशेष ।
अलवि मोह मीट न मेलतो, जे जोतो अनिमेष ॥९॥आ०॥
मीठा बोल म बोलो वालहा, मूल म पूरो खत ।
जोवो सहज सलूणे लोयणे, तो भाजे मन भ्रंत ॥१०॥आ०॥

॥ दूहा ॥

आसण पूरी साधु जिम, बैठो ताली लाइ ।
आज अजब गति वालहो, किणहिं न लख्यो जाइ ॥१॥
जो मन का सल राखियै, तो वाधै विखवाद ।
छतै साल किम नीपजै, प्रेम रूप प्रासाद ॥२॥
अणबोल्यां सरिस्यै नही, वाधौ विरह अगाध ।
कीजै पूछ खरी खबर, कवण कीयौ अपराध ॥३॥
बेकर जोडी पूछियै, कामण गारो कत ।
किण कारण ए रूसणौ, ते दाखो विरतंत ॥४॥

ढाल १२ राग-गोडी मल्हार मिश्र

अबला केम उवेखीयै, विण अवगुण गुणवंत ।
कहीयै कीडी उपरा रे, कटक न कीजै कंतो रे ॥१॥
इम जोवो ससनेहो रे, कामण वीनवै ।
झटक न दीजै छेहो रे, मुणि सुणि वालहा ॥२॥
तूं तेहिज तेहिज अम्हेरे, ते मंदिर ते सेज ।
इणि अणियाले लोयणे रे, तेह न दीसे हेजोरे ॥३॥सु०॥
जो तै अम्हनै अवगणी रे, करिय कठिन निज चित्त ।
प्राण हुस्यै तो प्राहुणा रे, जिम परदेसी मीतो रे ॥४॥सु०॥
नाह न कीजै रूसणो रे, जोवौ हियै विमासि ।
इक पखो इम ताणतां रे, किम चलस्यै घर वासो रे ॥५॥सु॥
हांसै री वेला नही रे, इण हासे घर जाय ।
पाणी न खमइं पातली रे, हिव ए दुख न सुहायो रे ॥६सु०
जिण तुम्ह नै प्रीयु दूहव्यो रे, जिण तुझ लोपी कार ।
सीखामणि द्यो तेहनै रे, एकणि घाउ म मारो रे ॥७॥सु०॥
सुगुण सनेही वालहा रे, करतां कोडि विलास ।
ते दिन आज न सभरै रे, तिण तुम्ह नै स्याबासो रे ॥८॥सु०॥
दिवस दिवस वधतो हतो रे, इतला दिन इकलास ।
मुख दुख बात न का कहो रे, आज टल्यो वेसास रे ॥९॥सु.॥
चित न का व्यापार नी रे, कोइ न विणठो काज ।
केवल कामणि ऊपरा रे, सही खीवै छे आजो रे ॥१०॥सु०॥
जो को अवगुण दाखवो रे, तो आधो दुक्ख थाय ।
कुरुख करो ठाकुर छता रे, किम कहश्यो न जायो रे । ११॥सु०
गुनहो पाँचे हि दिनै रे, जो को जाणो नाह ।
मूल थकी तो छाँडिज्यो रे, तुम्ह नै सी परवाहो रे ॥१२। सु० ।
एह उदास पणो तजो रे, तूं अम्ह प्राण अधार ।
हिलि मिलि बोलावी मिलो रे, पूरव प्रीत संभारो रे ॥१३सु०

वेभारगिरि पर धन्ना शालिभद्र का संथारा

शालिभद्र अपनी ३२ स्त्रियों के साथ

॥ दूहा ॥

इम सहजइ घर विध कहीं, दीन हीन वयरगेह।
पिरा तन मन डोल्यो नही, रखे दिखावै छेह ॥१॥
जो निरदूषरा परिहरै, तो हिव केही लाज।
गाडो उललियै पछै किसौ विनायक काज ॥२॥
हिव वहिलो वाहर करो, बहिनी म लावो वार।
भद्रा सासु नै कहो, प्रीतम तरगौ प्रकार ॥३॥
बात भेद लाधां पछै, देखी कुमर उदास।
भाखै सीख रुखा वचन, ऊंची चढि आवास ॥४॥

ढाल-१३ राग जैतसिरी

सुगणसनेही मेरे लाला. वीनती सुणौ मेरे कंत रसाला, एहनी जाति

नमरगी खमरगी नइ मन गमरगी, रमरिग बत्तीसे सोवन वरगी।
मुकुलीरगी नइ सहज मलूरगी, किरग काररग ए ऊरगी भूरगी ॥१॥
ए सवि नारि चलै तुझ केडै. थूक पडै तिहाँ लोही रेडै।
कथन तुहारो काय न खडै, उडै सिस जिहा पग मंडै ॥२॥
जी जी करतां जोहा सूकै, मुह थी नाम न काई मूकै।
तुझ सासेही काई न घ्रापै, तौ इवडो दुख स्यानै आपै ॥३॥
तुझ गायौ गावै सहु कोई, हुवै सुप्रसन्न सनमुख जोई।
इम बैठो तन मन सकोची, तूं तो मूल नही आलोची ॥४॥
जो परतखि अवगुरा देखीजे, तो परिग मन मे जारिग रहीजे।
दीठउ परिग अरगदीठउ कीजै, नारि जाति नो अंत न लीजै ॥५॥
अटक झटकि किम छेह न दीजै, जो को दिन घरि रहिवा कीजे।
नीत वचन चौथो संभारो, कामरिग ऊपरि कोप निवारो ॥६॥
जाण्यो हुवै तो दौष दिखाडो, परिग घर बाहिर बात म पाड़ो।
माहे तेड़ी नै समझावौ, दोखी जन ने कांइ हसावो ॥७॥
तूं तो आज अजब गति दीसै, हियड़ौ हेजै मूल न हीसइ।
एहवी पूत पराई जाई, इम किम नांखउ छउ घ्रसकाई ॥८॥

तूं देवर तूं जेठ सगीनो, तूं मन मोहन नाह नगीनो ।
तूं पीहर तूं सासर वासो, तुझ विण सूनो ग्रासो पासो ॥६॥
इण परि विविध वचन कही थाकी, न रह्यो कहिवा जोगो बाकी ।
सालिकुमर मन मांहि विचारै, सहु को मोह महीपति सारै ॥१०॥
जे भामण सु संग करावै, ते लेई दुरगति पहुचावै ।
हित वंछक मावीत कहावै, पिण अंतर गति कोइ न पावै ॥११॥

॥ दूहा ॥

ग्रावी दीध वधामणी, वनपालक तिणवार ।
धर्मघोष ग्राव्या इहां चोनाणी ग्रणगार ॥१॥
सालिकुमर मन चिंतवै, भले पधारथा तेह ।
मुंह मांग्या पासा ढल्या, दूधे बूठा मेह ॥२॥
पहली पिण व्रत ग्रादरण, मो मन हुंतो हेज ।
हिव जाणे निंदालुयें, लही विछाई सेज ॥३॥
कुमर साध वंदण चल्यो, रिद्धि तणो विस्तार ।
पांचे ग्रभिगम साचवी, बैठो सभा मझार ॥४॥
सवेगी सिर सेहरो, सूरि सकल गुण खाणि ।
भव सरूप इम उपदिसै, मुनिवर ग्रमृत वाणि ॥५॥

ढाल–१४ राग गोड़ी विणजारा नी जाति

प्रतिबूझोरे लहि मानव ग्रवतार, तप जप संजम खप करो प्रतिबूझो रे।
प्रति० जिम हुवै छूटक वार, गर्भावास न ग्रवतरो प्रति० ॥१॥
प्र० स्वारथीयो जग मांहि, मत को जाणो ग्रापणो प्रति० ।
प्र० हाथ छछोहा वाहि, ग्राज काल्हि मैं चालणो प्रति० ॥२॥
प्र० रहितां जिम तिम प्राण, जिण गामांतरि चालियै प्र० ।
प्र० ग्रोलीजैं समसाण, घर ग्राभोषो घालियै प्र० ॥३॥
प्र० काल न देखे कोई, ऊपरवाड़े रांचतो प्र० ।
प्र० जे सर ग्रवसर होइ, वार न लावै खांचतो प्र० ॥४॥

प्रतिबूझोरे संग न आवै आथि, नावै परणी हाथरी प्रतिबूझोरे ।
प्र० संबल घालो साथि, आगलि सेझ न पाथरी प्र० ॥५॥
प्र० अटवी विषम अपार, साथे मन मेलू न छै प्र० ।
प्र० करज्यो एह विचार, पछतावै पडस्यौ पछे प्र० ॥६॥
प्र० रमणी रंग पतग, फल किंपाक विष सारिखो प्र० ।
प्र० म करो तास प्रसंग, जो मन पूजे पारखो प्र० ॥७॥
प्र० संध्या राग समान, आठे मद छै कारिमा प्र० ।
प्र० दिन दस देही वान, आभरणे बहु भारिमा प्र० ॥८॥
प्र० म करो गरब गुमान, आथि अथिर जिनवर कही प्र० ।
प्र० जात न लागै वार, राखी पिण रहिस्यै नहीं प्र० ॥९॥
प्र० गिणता त्रिण ससार, जे सिर छत्र धरावता प्र० ।
प्र० ते अरियण घर बार, दीसै दास कहावता प्र० ॥१०॥
प्र० दे न सकै जगदीश, अधिकी एक घडी सही प्र० ।
प्र० ते दिन मांहि बत्रीस, जाती परिण जाणी नही प्र० ॥११॥
प्र० परहरि निंदानी वात, म करेज्यो दुरगति दीयइ प्र० ।
प्र० जोए न मिटै धात, तो आपणपो निंदीयै प्र० ॥१२॥
प्र० परतखि आप निहालि, मन आवै ए वात जो प्र० ।
प्र० लोभ थकी मन वालि, क्रोध मान माया तजो प्र० ॥१३॥
प्र० तो ल्यो सजम भार, जो भव भमतां ओलजो प्र० ।
प्र० मूको विषय विकार, वाछो छाका छोल ज्यो प्र० ॥१०॥

॥ दूहा ॥

घरम देसना सांभली, हरख्यो सालिकुमार ।
कर जोड़ी आगलि रही, पूछै एक विचार ॥१॥
माथै नाथ न संपजै, किण करमै मुनिराय ।
परम कृपाल कृपाकरी, ते मुझ कहो उपाय ॥२॥
कहै साधु व्रत जे ग्रहै, तृण जिम छोडै आथि ।
नाथ न माथै तेहनै, होवै ते सहुनो नाथ ॥३॥

साधु वचन सवि सरदही, इहां किण मीन न मेष ।
आवी माता ने कहै, इण परि वचन विशेष ॥४॥

ढाल–१५ राग–खंभाइची

मानव भव लहि दोहिलो रे, तो पाछलि अलवि गमायो रे।
सफल करूं हिव मात जी रे, तो हुं ताहरो जायो रे ॥१॥
मोरी मात जी अनुमति दयो सजम आदरूं रे ।
व्रत पालि नें भव जलनिधि हुं तरूं रे ॥२॥ मो०॥
जे मारग जाणें नही रे, ते तो भूलै न्यायइ रे ।
मारग जाण्या ही पछै रे, कहि कुण उवटि जायइ रे ॥३॥मो०
जग में को केहनउ नही रे, जोवो हियें विमासी रे ।
परभव जाता जीव नें रे, साथ न कोई आसी रे। ४॥मो०
मुह मीठा आवी मिल्या रे, मुझ नै पांच सखाई रे।
नै धन लूटै माहरो रे, आज खबरि मैं पाई रे ॥५॥मो०
जेहनो गायो गावतो रे, जेह सु रहतो भीनो रे ।
नें प्रधान माहे थई रे, करै खराब खजीनो रे ॥६॥मो०
पग भरि साथ खिसै नही रे, फोकट मिलि मिलि पोसैं रे।
बाल सखाई नो टल्यो रे, मुझनइ आज भरोसो रे ॥७॥मो०
हिव हु देखो तेहनै रे, कवण कुलीक लगावुं रे ।
खरच न देउ गाठ को रे, विमणो काम करावुं रे ॥८॥मो०
मिलण न देस्युं मंत्रवी रे, सो घर भेद प्रकाशे रे ।
मयण अछे त्रेवीस जे रे, ते नावण द्यु पासै रे ॥९॥मो०
पूरो लेखो मांगिस्युं रे, पहिलै दिन थी लेई रे ।
खाधो विमणो काढिस्युं रे, मुहडै माटी देइ रे ॥१०॥मो०
च्यार अछै जे चोगुणा रे, इण घरना रखवाला रे।
खाधो माल नहीं दीयें रे, होइ रह्या मतवाला रे ॥११॥मो०
ए सीखामणि तेहनै रे, नाणु इण घर माहे रे ।
जोतइं पैसे छेवकै रे, तो काढुं गल साहे रे ॥१२॥मो०

जाण तिके नर जाणिये रे, जे आपो न ठगावै रे ।
जीवतडां न कलंकीयै रे, मूयां कुगति न जावै रे ।।१३।।मो०

।। दूहा ।।

सालि वचन श्रवणे सुणी, भद्रा करे विचार ।
वचन जिसा उडथा कहथा, तजै सही संसार ।।१।।
पणि अनुमति देस्युं नही, हुं राखिसुं समझाय ।
जो मुझ नै उवेखसें, तो क्युं कहयो न जाय ।।२।।
धरम भणी जे गोठिसे, ते गिणस्यै मावीत ।
मुझनै कदे न लौपसे, ए नान्हडीयो सुविनीत ।।३।।

ढाल–१६ राग-मल्हार

वाता म काढो व्रत तणी, अनुमति कोइ न देसी रे ।
सुख भोगवि संसार ना, पाडोसी व्रत लेसी रे ।।१।।बा०
तूं तो इण परि बोलतो, लोकां माहि लजावै रे ।
मुंह बाहिर ते काढीयै, ते फिर पाछो नावै रे ।।२।।बा०
जे जगदीस बडा किया, ते ऊंडौ आलोचै रे ।
न्यायै जिम तिम बोलतां, छोकरवाद न सोचै रे ।।३।।बा०
